इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षों से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

वर्ष- 43 अंक -249 राजनांदगांव, शुक्रवार 26 जुलाई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# मंत्री-विपक्षी सांसदों में हाथापाई की नौबत, लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान संग्राम

नई दिल्ली। सरकार और विपक्ष के बीच चुनावी नतीजों से बदले समीकरण की सियासी तपिश संसद में अब आक्रामक रूप में सामने आने लगी है। लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान गुरुवार को रेल व खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और कांग्रेस सांसद व पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के बीच हुई तकरार में इसका सबसे आक्रामक स्वरूप दिखा।

दोनों के बीच शब्दों की तकरार आर पार की ताल ठोकने के मुहाने तक पहुंच गई। मंत्री बिट्टू हाथ लहराते हुए अपनी सीट से उठकर देख लेने के अंदाज में विपक्षी सांसद चन्नी से भिड़ने के लिए वेल की ओर दौड़ पड़े। विपक्षी सांसद भी मंत्री का मुकाबला करने के लिए सामने आकर डट गए और भारी हंगामे के बीच हाथापाई की नौबत को टालने के लिए सदन को स्थगित करना पड़ा।

### केंद्र की नीतियों पर हमलावर हुए चन्नी

लोकसभा में दोपहर एक बजे बजट चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस सांसद चन्नी ने मोदी सरकार की नीतियों और कार्यशैली पर तीखे हमले शुरू कर दिए। चन्नी ने कहा कि सत्ता पक्ष आपातकाल की बात करता है, लेकिन विपक्षी



सांसदों, किसानों के साथ जो व्यवहार हो रहा है, वह भी तो आपातकाल है। इसी दौरान उन्होंने जेल में बंद खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल का नाम लिए बगैर कहा कि 20 लाख लोगों के प्रतिनिधि को बोलने का अवसर नहीं मिल रहा है, यह भी आपातकाल है।

### बिट्टू ने चन्नी पर लगाए कई गंभीर आरोप

बिट्टू ने अंग्रेजों से तुलना के जवाब में कांग्रेस की सर्वोच्च नेता सोनिया गांधी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर डाली और चन्नी के खिलाफ भी भ्रष्टाचार से लेकर कई तरह के आरोप जड़े। इससे बढ़े हंगामे के बीच बिट्टू इतने आवेश में आ गए कि कमीज की बाजू चढ़ाते हुए चन्नी से दो-दो हाथ करने के अंदाज में तेज कदमों से वेल तक पहुंच गए। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

### रक्षा मंत्री ने किया बीच-बचाव

टकराव की नौबत आती देख सत्ता पक्ष की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा कुछ अन्य भाजपा सदस्यों ने तत्काल बिट्टू को पकड़कर समझाते हुए पीछे खींचा। नेता विपक्ष राहुल गांधी भी अपने सांसदों को शांत होने का इशारा करते दिखे। हंगामे को आमने-सामने के संग्राम में तब्दील होने की नौबत आते देख पीठासीन पदाधिकारी संध्या राय ने तत्काल सदन दो बजे तक स्थगित कर दिया। हालांकि, सदन में गरमागरमी का माहौल तब भी रहा और कुछ ही क्षण में स्पीकर ओम बिरला आसन पर आकर दोनों पक्षों को नियंत्रित करने का प्रयास करने लगे। मगर जैसे ही सदन स्थगन की जानकारी उन्हें दी गई तो वे अपने चैंबर में चले गए, जहां पक्ष-विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं ने यह टकराव खत्म करने की पहल की।

# बजट में कटौती कर शिक्षा व्यवस्था को नष्ट करना चाहती है भाजपा और आरएसएस -मल्लिकार्जुन खड़गे

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को साल 2024-25 का बजट पेश किया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट था। गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा-आरएसएस पर भारत की शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने का आरोप लगाया लगाया है।

### भाजपा-आरएसएस ने की शिक्षा के बजट में 9600 करोड़ की कटौती

खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भाजपा-आरएसएस भारत के शिक्षा क्षेत्र में कटौती कर इसे नष्ट करना चाहती है!

उच्च शिक्षा के बजट में 9,600 करोड़ की भारी कटौती की गई है। अंतरिम बजट में भी इसमें 16.38 प्रतिशत की कटौती की गई है। आईआईटी और आईआईएम के बजट में लगातार दूसरे साल कटौती की गई है। यूजीसी के बजट में 61 प्रतिशत की भारी कटौती की गई है।

### मोदी सरकार ने यूजीसी की शक्ति छीन ली

उन्होंने आगे लिखा, यूजीसी एक वैधानिक निकाय है, और इसे देश में एकमात्र अनुदान देने वाली एजेंसी माना जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने इसकी शक्ति छीन ली है, जिससे इसकी स्वायत्तता खत्म हो गई है। यूजीसी की 'अनुदान' निधि की कार्यप्रणाली को उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (एचईएफए) ने हड़प लिया है, जो केनरा बैंक और शिक्षा मंत्रालय के बीच एक उद्यम है। यह न केवल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को अधिक स्व-वित्तपोषण पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए मजबूर करेगा, बल्कि एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस छात्रों की वित्तीय समस्याओं को भी बढ़ाएगा।

### शिक्षा प्रणाली पर मोदी सरकार का पांच तरफा हमला जारी

भारत की शिक्षा प्रणाली पर मोदी सरकार का पांच तरफा हमला जारी है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल : नक्सल पीड़ित परिवारों के परिजनों को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति, पहले चरण में 58 लोग पाए गए पात्र

रायपुर। नक्सल हिंसा में मृतक के परिजनों को छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य के सभी वर्गों के विकास के लिए कल्याणकारी योजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन कर लाभांवित किया जा रहा है। आज बीजापुर जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक में नक्सल पीड़ित परिवारों के 58 लोगों को अनुकम्पा नियुक्ति देने का निर्णय लिया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि, अनुकंपा नियुक्ति के लिए कुल 58 पात्र आवेदकों को प्रथम चरण में अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। पहले जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 19 जुलाई तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी, बाद में इस तारीख को बढ़ाते हुए 24 जुलाई 2024 को निर्धारित की गई।

इस दिन मिले दावा-आपत्तियों का निराकरण करते हुए समिति के निर्णय के आधार पर विभिन्न विभागों में चतुर्थ वर्ग के पदों पर नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से 58 आवेदक प्रथम चरण में पात्र पाए गए हैं, जिन्हें यह नियुक्ति दी जाएगी।

## गुजरात में बाढ़ के हालात: 8 लोगों की गई जान, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ अलर्ट मोड पर

वडोदरा। गुजरात इन दिनों भारी बारिश की चपेट में है। यहां पिछले 3-4 दिनों से तेज बारिश का दौर जारी है। कई जिलों में बाढ़ जैसे भी हालात बन गए हैं। वहीं बारिश की वजह से 8 लोगों की जान चली गई है। कई स्कूलों-कॉलेजों की भी छुट्टी कर दी गई है। वहीं प्रदेश के अंदर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को अलर्ट पर रखा गया है।

गुजरात में इन दिनों वडोदरा, सूरत, भरूच और आणंद समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक सिर्फ वडोदरा में 24 घंटे के अंदर 13.5 इंच बारिश हुई है। बडोदरा के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। हालांकि एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम की मदद से बाढ़ में फंसे निचले इलाकों के लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। गुजरात के कई जिलों में भारी बारिश की वजह से स्कूल और कॉलेजों की छुट्टी कर दी गई है। जिससे किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो सके। वहीं प्रसाशन द्वारा लगातार एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम लगाकर निचले इलाकों में फंसे लोगों पर ध्यान रखा जा रहा है। इतना ही नहीं बारिश की वजह से कई जगहों पर ट्रेन सर्विसेस भी बाधित हुई हैं।

### बारिश का रेड अलर्ट

मौसम विभाग ने गुरुवार यानी 25 जुलाई को गुजरात में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही इन यहां रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कोंकण, गोवा, सौराष्ट्र और कच्छ में भी भारी बारिश की संभावना जताई है।

### कई प्रदेशों में होगी भारी बारिश

गुजरात में भारी बारिश की वजह से 24 जुलाई को आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, बारिश के कारण अब तक मरने वालों की संख्या 61 हो गई है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने 28 जुलाई तक कई प्रदेश जैसे हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, 25 जुलाई को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में, 27 जुलाई तक यूपी में भारी बारिश की संभावना जताई है।

## खनिजों पर टैक्स के मामले में SC का ऐतिहासिक फैसला, बंगाल, झारखंड और एमपी समेत 6 राज्यों को होगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने खदान, खनिज संपन्न राज्यों को भारी राजस्व के प्रोत्साहन वाला ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने आठ-एक के बहुमत से दिये फैसले में कहा है कि राज्यों को खदानों और खनिज वाली भूमि व खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार है। राज्यों के पास ऐसा करने की विधायी क्षमता और शक्ति है।

शीर्ष अदालत ने खनिज, खदानों के मामले में कर व्यवस्था पर व्यापक प्रभाव वाले फैसल में कहा है कि रॉयल्टी को कर नहीं माना जा सकता। इस फैसले से खनिज, खदान संपन्न राज्य ओडीशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान को फायदा होगा। हालांकि फैसले को पूर्व प्रभाव से लागू माना जाएगा या फैसले की तारीख से लागू माना जाएगा इस पर कोर्ट बुधवार को सुनवाई करेगा।

### 'रॉयल्टी कर की प्रकृति में नहीं आती'

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने स्वयं और सात अन्य न्यायाधीशों की ओर से बहुमत का फैसला पढ़ते हुए कहा कि रॉयल्टी कर की प्रकृति में नहीं आती क्योंकि यह खनन पट्टे के लिए पट्टेदार द्वारा भुगतान किया गया एक संविदात्मक प्रतिफल है। यानी खनन का पट्टा या ठेका लेने के बदले दिया जाने वाला भुगतान होता है। कोर्ट ने कहा कि रॉयल्टी और डेड रेंट ( खनिज भूमि की तय न्यूनतम राशि जिसका भुगतान खनन पट्टा लेने वाला सरकार या भूस्वामी को करता है) दोनों ही टैक्स की विशेषताओं को पूरा नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिये बहुमत के फैसले में 1989 के इंडिया सीमेंट मामले में रायल्टी को टैक्स मानने की व्यवस्था देने वाले फैसले को खारिज कर दिया है।

### राज्यों को खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने का अधिकार

बहुमत के इस फैसले को अगर बहुत साधारण शब्दों में समझा जाए तो अर्थ निकलता है कि राज्यों को खनिज अधिकारों और खदानों की भूमि पर कर लगाने का अधिकार है। खदान एवं खनिज (विकास एवं नियमन) कानून 1957 की धारा 9 के तहत लगने वाली रॉयल्टी टैक्स नहीं है उसकी प्रकृति टैक्स की नहीं होती। यानी इससे राज्य सरकार का टैक्स लगाने का अधिकार प्रभावित नहीं होता न ही सीमित होता है।

### मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सुनाया फैसला

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और सात अन्य न्यायाधीशों ऋषिकेश राय, अभय एस ओका, जेबी पार्डीवाला, मनोज मिश्रा, उज्जवल भुइयां, सतीश चंद्र शर्मा और अस्टीन जार्ज मसीह ने बहुमत का फैसला दिया है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## सीएम अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं, न्यायिक हिरासत आठ अगस्त तक बढ़ी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित शराब घोटाले से जुड़े करप्शन के मामले में उनकी न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ा दी है। इसके अलावा अदालत ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता की न्यायिक हिरासत भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। जानकारी के लिए बता दें कि आज (25 जुलाई) अरविंद केजरीवाल की हिरासत खत्म हो रही थी। सीबीआई ने 55 वर्षीय आप नेता को 26 जून को गिरफ्तार किया था। उनकी पेशी आज तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई थी। सीबीआई ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर आ कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में 'मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक' होने का आरोप लगाया है। एजेंसी ने दावा किया कि आप के पूर्व मीडिया प्रभारी और केजरीवाल के करीबी

सहयोगी विजय नायर कई शराब उत्पादकों और व्यापारियों के साथ संपर्क में थे। इसके अलावा सीबीआई ने आरोप लगाया था कि जून 2021 से जनवरी 2022 तक हवाला चैनलों के ज़रिए गोवा राज्य में 44.45 करोड़ ट्रांसफर किए गए और आप विधानसभा चुनाव अभियान में इस्तेमाल किए गए। यह आप को मिले 100 करोड़ की रिश्वत में से एक था, जैसा कि सीबीआई की पिछली चार्जशीट में बताया गया था।

### मनीष सिसोदिया और के. कविता की हिरासत भी बढ़ी

दिल्ली शराब नीति मामले में अदालत ने दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और के कविता की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। इससे पहले कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ाई थी।

## कांग्रेस सरकार में सोलर लाइट खरीदी की विधानसभा समिति करेगी जांच, मंत्री रामविचार नेताम ने सदन में की घोषणा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान आदर्श ग्राम योजना के तहत सोलर लाइट खरीदी की जांच होगी। मंत्री रामविचार नेताम ने छत?तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को इसकी घोषणा की। मंत्री नेताम ने कहा, विधानसभा समिति सोलर लाइट खरीदी की जांच करेगी।

कांकेर जिले में सोलर लाइट लगाने की जो स्वीकृति दी गई है उसमें गड़बड़ी पाई गई और यह भी की दूसरे मद की राशि को सोलर लाइट में खर्च करने की बात सामने आई तो उनकी जांच की मांग के अनुरूप घोषणा की गई है।

बीजेपी विधायक प्रबोध मिंज ने सदन में सवाल पूछा कि सरगुजा जिला में किसानों को जो डायरेक्ट राइस सीडर और मल्टीक्रॉप प्लांटर उपलब्ध कराई गई है, इसकी क्या उपयोगिता है? कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भाजपा विधायक के सवाल का जवाब देते हुए बताया कि इसका उपयोग मिट्टी के समतलीकरण और बुवाई के लिए उपलब्ध कराई गई।

विधायक ने कहा, इन मशीनों में 83 किसानों को लाभ मिलने की बात कही जा रही है। इसमें न रोटावेटर है, न नागर है। ऐसे में 83 किसानों का केवल नाम का जिक्र किया है। इसमें किसी को लाभ नहीं मिल रहा है। मंत्री ने जवाब दिया कि किसानों की सूची उपलब्ध करा देंगे। साथ ही अन्य क्षेत्र के किसानों को भी लाभ मिले इसका प्रयास किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में एनआईए की दस्तक : 'रेला' नाम से एनजीओ चलाने वाले कलादास डहरिया के घर दी दस्तक

दुर्ग (दावा)। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति के सदस्य कलादास डहरिया से पूछताछ करने एनआईए की टीम आज भिलाई पहुंची। जामुल लेबर कैम्प स्थित कलादास डहरिया के घर एनआईए को टीम पहुंची सीआईएएफ जवान और जामुल पुलिस की टीम भी घर के बाहर तैनात रही। जानकारी के अनुसार, इस कार्रवाई नक्सल गतिविधियों से जुड़े होने के शक जताया जा रहा है। लेकिन एनआईए की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। एनआईए की टीम कलादास की बेटी का लैपटॉप, पेन ड्राइव और *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## विधानसभा में गूंजा दवा और उपकरण खरीदी में अनियमितता का मामला

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मानसूत्र सत्र के दौरान दवा ख़रीदी और उपकरण खरीदी में अनियमितता का मामला गूंजा. भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने ध्यानाकर्षण के ज़रिए दवा ख़रीदी और उपकरण खरीदी का मुद्दा उठाया, धरमलाल कौशिक ने सदन में कहा कि बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है।

क्या इसकी जांच कराई जाएगी जिसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि तीन आईएएस अधिकारियों की कमेटी जांच कर रही है, तीन महीने के भीतर जांच कराई जाएगी. छत्तीसगढ़ विधानसभा में धरमलाल कौशिक ने कहा कि सीजीएमएससी ने दवा और मेडिकल उपकरण की खरीदी में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है. एजी ने भी अपनी रिपोर्ट में इस पर आपत्ति जताई थी. नियमों के विरुद्ध बाजार दर से अधिक कीमत पर खरीदी की गई। बिना मांग सरकारी अस्पतालों में जांच किट भेजी गई, तीस से अधिक जिलों में अस्पतालों में बगैर

### स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा -आईएएस अधिकारियों की समिति कर रही जांच

डिमांड के रिएजेंट भेज दिये गए, लगातार शिकायत के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं हुई। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि खुली निविदा जारी कर सीजीएमएससी ने दवा और उपकरण की खरीदी की है. एजी रिपोर्ट सामान्य प्रक्रिया है एजी की रिपोर्ट पर विभाग उसका निराकरण करता है। जो खरीदी होती है अन्य राज्यों के कारपोरेशन की दरों की तुलना कर की जाती है, पिछले तीन सालों में बगैर डिमांड के खरीदी नहीं की गई है, हमर लैब में लगने वाले एनालाइजर और रिएजेंट की खरीदी डिमांड आने के बाद ही की गई है। राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रिएजेंट के खराब होने का आरोप सत्य नहीं है. ऑटो एनालाइजर मशीन की खरीदी कई गुना दर पर खरीदी का आरोप भी सही नहीं है। खुली निविदा कर एल वन प्राप्त होने के बाद ही खरीदी की गई है, भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि ये अरबों रुपये के घोटाले का मामला है. एजी रिपोर्ट के आधार पर शिकायत किसने की थी किन-किन लोगों के खिलाफ शिकायत हुई थी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सीएजी की ऑडिट सतत चलने वाली प्रक्रिया है. अब तक कुल 25 शिकायत प्राप्त हुई है. इनमें से 15 शिकायतों का निराकरण हो गया है, 10 शिकायतें प्रक्रियाधीन है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

# बारिश से शहर की सड़कों का हाल बेहाल, लोगों के कमर तोड़ रहे है सड़कों के गड्ढे

## गड्ढों में हुआ जल जमाव... आवाजाही में लोगों को हो रही परेशानी, शिवनाथ नदी पुल में गड्ढे व दरार

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में बारिश होने का कार्य सप्ताह भर पहले ही हुआ है। इसके पहले तो जेठ माह की तरह भीषण गर्मी पड़ रही थी। उस समय नगर निगम शहर की सड़कों के हालात को लेकर बेखबर था। गड्ड-मड्ड सड़कों की बारिश पूर्व पैचिंग वर्क भी नहीं किया गया जिसका खामियाजा लोगों को बारिश होने के बाद भुगतनी पड़ रही है।

### शिवनाथ पुल सड़क में दरार

शहर सहित जिले भर में हुई लगातार बारिश से न केवल शहर की सड़कों की हालत खराब है ग्रामीण वार्डों की सड़के का भी हाल बेहाल है। हल्दी घाट वार्ड नं. 51 के अंतर्गत आने वाले शिवनाथ नदी पुल की सड़क-गड्ढो से भरी पड़ी है। वाहन चालकों को यहां पर से दचके खाते गुजरना पड़ता है। इससे किसी भी क्षण हादसे का खतरा बना हुआ है। नदी में बाढ़ आने की स्थिति होने के चलते मोहारा का छोटा पुल जहां डूबान में आ चुका है वही बड़े पुल में दरारे पड़नी शुरू हो गई है। बता दे कि कुछ वर्ष पूर्व पुल के निर्माण कार्य के बाद जिस हिस्से की एप्रोच रोड बह गई थी। उसी हिस्से की ओर अब पुल की ढलाई का सरिया सड़क के बीच से बाहर आ चुका है। वही नदी में बाढ़ होने के चलते यह गंभीर दुर्घटना का कारण निरूपिता हो सकता है।

बता दे कि शहर की सड़कों में उभर आए गहरे गड्ढे लोगों के कमर तोड़ रहे है। इसके चलते आए दिन डाक्टरों के पास कमर दर्द-गर्दन दर्द को लेकर जाने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सड़क में गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को दिक्कते हो रही है। कई बार दुर्घटना भी हो रही है।

### निगम की खुली पोल

बता दे कि सप्ताह भर की बारिश ने नगर-निगम के सड़कों की हालत के पोल खोल दिए है। एकतो वैसे ही बारिश के पूर्व शहर के बड़े नाले नालियों की समुचित साफ-सफाई नहीं किए जाने से बारिश होते ही कचरे से भरे नाले नालियां बौरा कर सड़कों पर आकर बहने लगी वही निचली बस्तियों में पानी भर गया। शहर के जिला चिकित्सालय से लेकर तहसील कार्यालय एसपी आफिस नया बस स्टैण्ड सहित स्वयं नगर निगम का अग्रभाग व अन्य हिस्सा जल मग्न हो गया। यह साफ-सफाई से लेकर शहर की सड़कों का सही रख रखाव नहीं होने का नतीजा है। सप्ताह भर के करीब लगातार होने वाली बारिश से हालात काफी बिगड़ गए है। शहर की सड़कों का बूरा हाल है। लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है वही हादसे का खतरा भी बना हुआ है। शहर के किलापारा रोड दिग्विजय कालेज से जिला चिकित्सालय वाले रोड व गौरव पथ रोड से लेकर बैंक कालोनी रोड व शहर के भीतरी भाग के रोड सबसे ज्यादा खस्ता हाल में है। इसका पैचिंग किया जाना जरूरी है नहीं तो सावन की रिमझिम फुहार में सड़कों की हालत और भी जर्जरावस्था में पहुंच जाएगी।

# भूमिपूजन हुये कार्य तत्काल प्रारंभ करने व अमृत मिशन के तहत शेष नल कनेक्शन पार्षदों से सम्पर्क कर वार्डों में लगाने के दिये निर्देश



आयुक्त ने की लोककर्म एवं जल विभाग की समीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्य एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा में भूमिपूजन हुये निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करने व चल रहे कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देने के साथ साथ शहर के सभी वार्डो में अमृत मिशन के तहत लगने वाले शेष नल कनेक्शन पार्षदों से सम्पर्क कर लगवाने के निर्देश दिये।

बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने सर्व प्रथम जल विभाग की समीक्षा कर पेयजल सप्लाई के सबंध में चर्चा कर अब तक काटे गये अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी उप अभियंता अपने अपने वार्ड में सुबह टंकी भरने की स्थिति एवं अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल का सर्वेकर जल विभाग में जानकारी देगे, ताकि नल काटा जा सके, साथ ही भवन भवन अनुज्ञा उपरांत राशि जमा नहीं करने वालो के नल कनेक्शन की भी सूची लेकर काटने की कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कम पानी आने व गंदा पानी आने की शिकायत प्राप्त होती है उसका यथा संभव निराकरण करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि अमृत मिशन के तहत जिन वार्डो में नल कनेक्शन नहीं हुआ है उस वार्ड के पार्षद से सम्पर्क कर नल कनेक्शन देवे। नागरिकों एवं पार्षदों की शिकायतों का भी तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि टंकिया पर्याप्त भरने के पश्चात ही सप्लाई करें, जिससे सभी क्षेत्रों में पर्याप्त प्रेशर से पानी आ सके। वाल्व खोलने संबंधी शिकायतों का भी निराकरण करे। इंटर कनेक्शन के शेष कार्य जल्द पूर्ण करे तथा कई वार्डो में पाईप लाईन विस्तार के दौरान गड्ढे फिलिंग किये गये था, उसकी उखडने की शिकायत प्राप्त हो रही है, उसका शीघ्र निराकरण करे ताकि बारिश में पानी भरने की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अत्यधिक बारिश होने पर बाढ के कारण इंटकवेल में कचरा फसने पर नदी से रॉवटर लेने में परेशानी हो रही है, जिससे वार्डो में पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है, इस संबंध में गोताखोरो की मदद से कचरा हटवाये तथा जल संयंत्र गृह में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

निर्माण कार्य की समीक्षा में आयुक्त ने कहा कि 15वें वित्त आयोग, अधोसंरचना मद तथा सांसद, विधायक, महापौर व पार्षद निधि के कार्य जिनका भूमिपूजन हो चुका है उसे तत्काल प्रारंभ कराये, वार्डो में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर कार्य अति शीघ्र पूर्ण करावें। जिन ठेकेदारों के द्वारा कार्य अधुरा छोडा गया है या कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है, उन्हें नोटिस जारी करे, नोटिस उपरांत कार्य नहीं करने पर कार्यादेश निरस्त करे। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिये स्थल चयन सहित अन्य आवश्यक कार्य में तेजी लावे, पार्षदों से भी सम्पर्क करे, ताकि शहर में वृहद रूप से वृक्षारोपण हो सके। उन्होंने शहर के उद्यानों में आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने एस.टी.पी. निर्माण के लिये की जा रही प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके ने बताया कि शहर के गंदे पानी को शुद्ध करने मोहारा में 26 एम.एल.डी. एवं पारीनाला के पास 15 एम.एल.डी. एस.टी.पी. का निर्माण किया जाना है, जिसकी स्वीकृति के लिये शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। आयुक्त ने कहा कि शासन स्तर पर सम्पर्क कर आगे की कार्यवाही करें। उन्होंने शहर में चल रहे नाला निर्माण की प्रगति की जानकारी लेकर सभी कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये तथा कहा कि वार्डो के गड्ढे फिलिंग कराये, जिससे बरसाती पानी न भरे इस संबंध में पार्षदों एवं नागरिकों के द्वारा भी शिकायत की जा रही है। गड्ढे के संबंध में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रतिदिन मानिटरिंग करेंगे और गुणवत्ता के साथ कार्य सम्पादित करायेगे। निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी।

बैठक में सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, उप अभियंता सर्वश्री दीपक महला, श्रीमती गरिमा वर्मा, श्रीमती ज्योति साहू, सुश्री आयुषी सिंह, तिलक राज ध्रुव, अमृत मिशन के अधिकारी ईब्राहिम भाई, लिपिक तुषाद शुक्ला, फिटर सेवाराम व सोमनाथ उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### मोदी सरकार का बजट झूठ का पुलिंदा - भूपेश तिवारी

राजनांदगांव (दावा)। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेश तिवारी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश मोदी सरकार के बजट को झूठ का पुलिंदा बताया है। उन्होंने कहा कि 15 साल से देख रहे हैं मोदी सरकार ही केंद्र की सत्ता पर ताबीज रही है। देश की जनता को बरगला कर वोट बटोरना उनकी सबसे बड़ी विशेषता है। 15 साल तक हर साल पेश होने वाले बजट में आंकड़ों का मायाजाल ही रहता है। इतने सालों के बजट में तो देश का कायाकल्प हो जाना चाहिए था। गरीबी बेरोजगारी दूर हो जानी चाहिए थी सच तो यह है कि बड़े उद्योगपतियों को बड़ा लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। बड़ी प्राइवेट कंपनियों को लूट की खुली छूट दे रखी है। छोटे उद्योग धंधे ठप होते जा रहे हैं। श्री तिवारी ने आगे कहा कि बजट में छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ जमकर भेदभाव किया गया है। बिहार और आंध्र प्रदेश को हजारों करोड़ों का विशेष पैकेज दिया जाना यही साबित करता है। भाजपा 15 साल से झूठ बोलती आ रही है और पता नहीं कैसे लोग उनके झूठ को सच मान लेते हैं। वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ को ठेगा दिखा दिया है। कुल मिलाकर मोदी सरकार के बजट में छत्तीसगढ़ को कुछ नहीं मिला। भाजपा राज में छत्तीसगढ़ की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। इनका मुंह तोड़ जवाब आम जनता आगामी चुनाव में भाजपा को अवश्य देगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद के लिए 7 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण 1 द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 उसरीबोड में कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 सुकुलदैहान में सहायिका के पद के लिए 7 अगस्त 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदिका निर्धारित तिथि तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण 1 जिला राजनांदगांव में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

### आवेश अली का निधन

राजनांदगांव (दावा)। दिवंगत पत्रकार शोएब अली के बड़े भ्राता आवेश अली उम्र 50 वर्ष (निवास जगदलपुर) का निधन 24 जुलाई को आकस्मिक हृदय गति रुकने से जगदलपुर में हुआ था। आवेश अली के सबसे बड़े भ्राता राजनांदगांव के निवासी हैं। 1985 से 90 में राजनांदगांव क्रिकेट में आवेश अली की बड़ी भूमिका थी जिला और संभाग स्तर की क्रिकेट टीम में शामिल थे। वर्तमान समय में जगदलपुर में बस्तर टूरिज्म पर काम करते थे आवेश अली हमारे समय के दोस्तों के बीच में काफी प्रचलित थे एवं मिलनसार थे।

# केंद्र सरकार का बजट लुभावनी पुड़ीया के सिवा कुछ नहीं-सूर्यकांत जैन

राजनांदगांव (दावा)। मोदी सरकार कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट पर अपने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि यह बजट लुभावनी पुड़ीया के सिवा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे पहले 15 साल से मोदी सरकार के बजट को देखते आ रहे हैं। बजट में कुछ और होता है और धरातल पर कुछ और होता है।

रोजगार पर केंद्रित बजट बताया जा रहा है। लेकिन उनके शासन के इतने वर्षों में बेरोजगारी की समस्या गंभीर बनी हुई है। श्री जैन ने आगे कहा कि केंद्र में जब कांग्रेस की सत्ता थी तब जो कहती थी वह करके दिखाती थी। राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सत्ता थी। तब जो भी वादा करती उसे पूरा करके दिखाती थी। लेकिन भाजपा 15 साल से झूठ बोलती आ रही है और पता नहीं कैसे लोग उनके झूठ को सच मान लेते हैं। वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ को ठेगा दिखा दिया है। जबकि बिहार और आंध्र प्रदेश को भारी भरकम पैकेज दिया है उन्हें विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है। लेकिन छत्तीसगढ़ प्रदेश को झुनझुना पकड़ा दिया है। जबकि विधानसभा चुनाव में जनता ने उनके बहकावे में आकर उन पर विश्वास किया लोकसभा चुनाव में भी 11 में से 10 सीटे भाजपा के खाते में डालकर विश्वास को और मजबूत किया है। इसके विरुद्ध इस भाजपा ने डबल इंजन की सरकार बनाकर छत्तीसगढ़ की जनता के साथ विश्वासघात किया है। आने वाले चुनाव में नगरी निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय स्तरीय पंचायत चुनाव में जनता इसका जवाब अवश्य देगी। यह सिलसिला देश में उपचुनावो से शुरू भी हो गया है।

# कृष्णजन्माष्टमी मनाने की तैयारी जोर शोरों पर, पदाधिकारियों का हुआ गठन

**नगर इकाई कोसरिया यादव समाज की हुई बैठक**

राजनांदगांव (दावा)। नगर इकाई कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव की बैठक स्टेट हाईस्कूल के मंच के प्रांगण में रखी गई। जिसमें श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति का गठन किया गया। जिसमें श्री कृष्ण जनमाष्टमी उत्सव समिति के अध्यक्ष रामदास यादव चिखली को बनाया गया। उपाध्यक्ष नारायण यादव शांतिनगर, सचिव रामू यादव स्टेशनपारा, कोषाध्यक्ष शीलूराम यादव को नियुक्त किया गया।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति की महिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला यादव महादेव नगर, उपाध्यक्ष देवकी यादव स्टेशनपारा, सचिव इंदिरानी यादव स्टेशनपारा, सहसचिव सकुन बाई यादव महादेवनगर, शोभायात्रा प्रभारी युवा अध्यक्ष हरीश यादव, गुरूजीद्ध बाबूटोला, संरक्षक कृष्णा यादव, संरक्षक बृंदा बाई यादव, सरस्वती यादव, मोटरसाइकिल बाईक रैली के प्रभारी दुर्गा यादव, विजय यादव गौरीनगर, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी राधेलाल यादव को बनाया गया। बाईक रैली दिनांक 25-7-2024 दिन रविवार, दोपहर 2 बजे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की भव्य शोभायात्रा दिनांक 26-7-2024 दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे से भव्य शोभायात्रा, दिनांक 1 सितंबर दिन रविवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम नन्हें मुन्ने यादव समाज के बच्चों के द्वारा गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसकी तैयारी जोरशोर से नगर कोसरिया यादव समाज द्वारा की जा रही है एवं वार्डवार यादव समाज के गौटियागणों एवं सामाजिक बंधुओं, माता बहनों, युवा साथियों के घरों में जाकर घर-घर जाकर के कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है। इससे युवाओं एवं समाज में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। यादव समाज के पदाधिकारियों के गठन के दोरान समाज के पदाधिकारियों सहित सदस्यों की गणमान्य बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। यह जानकारी नगर इकाई कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष महेश कुमार यादव द्वारा दी गई।

# नायब तहसीलदार की पैनिक अटैक आने से मौत

राजनांदगांव (दावा)। ममता नगर निवासी 35 वर्षीय नायब तहसीलदार की गुरुवार की सुबह पैनिक अटैक आने से मौत हो गई। घटना सुबह साढ़े आठ-नौ बजे की बताई जाती है। नायब तहसीलदार श्रीमती प्रीति चिवर्तकर के पति प्रशांत चिवर्तकर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से प्रीति की तबीयत खराब चल रही थी। चार-पांच दिन पहले उसे संजीवनी में एडमिट कराया था। वहां से वह घर आ गई थी। गुरुवार की सुबह उसकी अचानक उसके फिर से तबीयत खराब हुई। उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पेंण्ड्री लाया गया, जब तक वह मृत हो चुकी थी। बता दें कि नायब तहसीलदार श्रीमती प्रीति चिवर्तकर के संबंध में फांसी लगाकर मौत होने की खबर उड़ा दी गई थी जबकि उसकी मौत पैनिक अटैक से होना बताया जा रहा है। श्रीमती प्रीति दुर्ग जिले के ग्राम गुंडरदेही में पदस्थ थी। इससे पहले डोंगरगांव में आरआई के रुप में पदस्थ थी। इसके बाद संभवतः राजनांदगांव में नायब तहसीलदार भी रही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में साथ आए उसके साथी तहसीलदार राहुल गुप्ता ने बताया कि मिलनसार व हसमुख प्रकृति की धनी प्रीति चिवर्तकर अपने काम से काम रखती थी। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी।

# आचार्य विद्यासागर पर तेजकरण का दोहरा रिकॉर्ड



राजनांदगांव (दावा)। भारत के आध्यात्मिक संदर्भ में जैनाचार्य विद्यासागर महाराज का जीवन उनके त्याग और तपस्या से अत्यंत प्रभावशाली था। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित विशेष आवरण और गुरुदेव के महाप्रयाण के समाचार पत्रों का विराट संकलन तैयार कर मोहला के ग्रैंडमास्टर ऑफ इंडियन फिलाटैली से सम्मानित तेजकरण जैन ने दोहरा रिकॉर्ड बना छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है।

### 204 विशेष आवरण का रिकार्ड

जैन ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि किसी भी देश के डाक विभाग की अनुमति से ही किसी विशेष आयोजन या विशिष्ट व्यक्ति पर विशेष आ जीव वरण का प्रकाशन किया जाता है। उल्लेखनीय है कि श्रमण संस्कृति के संवाहक दिगंबर जैनाचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज ने 50 साल पहले 22 नवंबर 1972 को आचार्य पद ग्रहण किया था।

देश भर के आचार्य श्री के अनुयायियों ने उनके आचार्य पदारोहण स्वर्ण जयंती वर्ष को अविस्मरणीय बनाने के लिए भारत के विभिन्न शहरों से 173 से अधिक अब तक कुल 204 विशेष आवरण जारी कराया है। विश्व इतिहास में किसी गैर राजनीतिज्ञ व्यक्ति पर पहली बार इतने अधिक विशेष आवरणों का प्रकाशन हुआ है।

### महाप्रयाण के 609 अखबारों का अंबार

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े जैन तीर्थ चंद्रगिरि डोंगरगढ़ में 18 फरवरी को आचार्य श्री ने समाधिपूर्वक अपनी देह त्याग दी। जैन समुदाय सहित अनेक लोग शोकाकुल हो गए। शोक समाचार प्रकाशन वाले भारत की 12 भाषाओं के 609 अखबार एकत्रित कर तेजकरण जैन ने एकल व्यक्ति मृत्यु वृतांत प्रकाशन अभिलेख का रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया है। रिकॉर्ड प्राप्त इन दोनो संकलन का उद्देश्य आचार्य श्री के जन उपकारी महान योगदान और महाप्रयाण को यादगार श्रद्धांजलि देना है।


**श्री कृष्णा (एयरकूल) में**

शानदार चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म

मोहित साहू कृत

**हण्डा**

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
26th July to 01st Aug 2024




Deadpool & Wolverine 2D (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 & 09:30 pm

Raayan (Hindi) - 06:00 & 09:00 pm

Bad Newz - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:15 pm

Handa (C.G)- 12:00 & 03:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202407093700016 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक असलम खान आ. शौकत खान, निवासी गौरीनगर, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला जूनीहटरी स्थित शीट क्रमांक 48 ए. भूखण्ड क्रमांक-221/4, क्षेत्रफल 57.24 वर्गमीटर जो धारक संजय शर्मा आ. टी.पी. शर्मा, निवासी इन्द्रपुरी कालोनी, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 31.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202407093700015 अ-6 वर्ष 2023-24



एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सौम्या जैन आ. पुखराज जैन, निवासी-लोहारपारा मुख्य मार्ग, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला नंदई स्थित शीट क्र. 50 सी, भूखण्ड क्रमांक-12, 13 क्षेत्रफल क्रमशः 42.00 वर्गमीटर एवं 50.00 वर्गमीटर जो धारक रियादेवी ध.प. जितेन्द्र गोलछा जैन, निवासी लखोली, टिम्बर मार्केट रोड से गायत्री स्कूल जाने वाली रोड, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 31.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202407093700017 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शांतिलाल जैन आ. विजय लाल जैन, निवासी-बी.एस.एन.एल. आफिस के पास, जी.ई. रोड, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला स्टेशनपारा स्थित शीट क्रमांक 46 ए. भूखण्ड क्रमांक-20/2, क्षेत्रफल 38.80 वर्गमीटर जो धारक राजेन्द्र सोनी आ. नरसू सोनी, निवासी स्टेशनपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 31.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक 202406093800023**

विषय:-अ-20 (1) मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:-2023-24 डोंगरगढ़ प.ह.नं. 00025 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव के पत्र क्रमांक 3096/रीडर कले/2024 राजनांदगांव दिनांक 07.06.2024 में दिये गये निर्देश के पालन में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ द्वारा न्यायाधीश भवन डोंगरगढ़ हेतु डोंगरगढ़ स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक । भूखण्ड क्रमांक 336 कुल क्षेत्रफल 42025 वर्गफीट भूमि में से 16713 वर्गफीट भूमि को ई एवं डी टाइप क्वार्टर हेतु निःशुल्क आबंटन की अनुशंसा सहित प्रतिवेदन कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत हेतु प्रेषित किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को आबंटित किये जाने में किसी भी व्यक्ति को उजर / आपत्ति हो तो वह स्वयं या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 05.08.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/07/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील, डोंगरगढ़

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-6-7
346-3 560-1
राजधानी
1-6-9
400-4 140-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय, नगर पंचायत छुईखदान**
जिला- खैरागढ़- छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)
nagarpanchayatckn@gmail.com

कार्यालय नगर पंचायत छुईखदान, जिला - खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, (छ.ग.)

**स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0**

क्र./ दिनांक .../.../......

**//आवश्यकता//**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक / बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| इंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो. नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 05/08/2024 | 4500/- (रूपये) | 02 | 9407664135 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी / पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जायेंगे।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत छुईखदान

नगर पंचायत गण्डई जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, (छ.ग.)

**स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0**

क्र./629 दिनांक 25/07/2024

**//आवश्यकता//**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक / बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| इंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो. नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 05/08/2024 | 4500/- (रूपये) | 02 | 9179422381 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी / पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जायेंगे।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, गण्डई

# हॉकी मध्यप्रदेश के हाथों मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं को मिली हार

राजनांदगांव (दावा)। बालिका वर्ग में आज खेले गए एक मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने मेजबान छत्तीसगढ की बालिकाओं को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-0 गोलो से पराजित किया बालक वर्ग के पहले मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी गुजरात को एकतरफे मुकाबले में 14-0 गोलो से पराजित किया दुसरे मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने हॉकी राजस्थान को 4-1 गोल से पराजित किया तीसरे मैच में मेजबान छत्तीसगढ ने गोवा को 11-0 गोल से पराजित किया।

आज मैच के दौरान ओलंपियन मोहम्मद रियाज, अंसुता लकरा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी, फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ हॉकी व सचिव आयोजन समिति, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, मुस्ताक अली प्रधान (वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी रायपुर) मृणाल चौबे ऋषि शास्त्री पार्षद नगर निगम राजनांदगांव, सूर्यकांत जैन अध्यक्ष जिला हैण्डबॉल संघ, विजय शर्मा, प्रिंस भाटिया, भुषण सॉव, रामआवतार जोशी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया तथा प्लेयर आफ द मैच के पुरूस्कर वितरित कर खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही द्वितीय वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के पांचवा दिन प्रातः खेले गए बालिका वर्ग के प्रथम मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने मेजबान छत्तीसगढ के मध्य खेला गया इस रोमांचक मुकाबले में हॉकी मध्यप्रदेश ने छत्तीसगढ को 3-0 गोल से पराजित किया इस संघर्षपूर्ण मुकाबले मे दोनो ही टीम ने पहले क्वाटर तक कोई भी गोल नही कर पाई किन्तु हॉकी मध्यप्रदेश के खिलाडियो ने अपने खेल मे परिवर्तन करते हुए मैच के 29वें मिनट में जसीं क्रमांक 13 काजाल ने गोल करते हुए 1-0 गोलो की बढत बनाई वहीं मैच के 46वें मिनट और मैच के 58वें मिनट में सुजाता जयंत और स्नेहा पटेल ने गोल करते हुए 3-0 गोल से जीत दर्ज की।

- बालक वर्ग में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और मेजबान छत्तीसगढ ने जीत दर्ज की
- वेस्ट जोन जूनियर हॉकी प्रतियोगिता

बालक वर्ग में खेले गए पहले मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी गुजरात को 14-0 गोल से पराजित कर एक आसान जीत हासिल की हॉकी महाराष्ट्र की ओर से टीक के कप्तान विशाल श्रीधर मानडडे और कार्तिक रमेश पात्रे ने 5-5 गोल किया वहीं अर्जुन संतोष हरगुडे ने 2 गोल और संतोष रमेश बृजदर ने 2 गोल किया बालक वर्ग का खेले गए दुसरे मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हॉकी राजस्थान को 4-1 गोल से पराजित किया मध्यप्रदेश की ओर से मोहम्मद अंश ने 2 गोल शुभन अबिद ने और विशवेश सिंग ठाकुर ने 1-1 गोल किए वहीं राजस्थान की ओर से एक मात्र गोल अभिषेक सिंग ने किया बालक वर्ग में खेले गए आज का तीसरा और अंतिम मैच मेजबान छत्तीसगढ विरूद्ध हॉकी गोवा के मध्य खेला गया जिसमें मेजबान की टीम ने एकतरफे मुकाबले में 11-0 गोलो से पराजित कर एक आसान सी जीत हासिल कि छत्तीसगढ हॉकी ने शुरूवाती समय से आक्रामक पारी खेल का प्रदर्शन किया छत्तीसगढ हॉकी की ओर से मोहित नायक ने 6 गोल टीम के कप्तान आनन्द ने 2 गोल महावीर वर्मा, मानस पटेल और प्रकाश पटेल ने 1-1 गोल किया।

प्रतियोगिता में खेले जा रहे मैचो में बालिका वर्ग में मैन ऑफ द प्लेयर का पुरूस्कार पहले मैच में हॉकी मध्यप्रदेश की कप्तान पलक गुप्ता को बालक वर्ग में पहले मैच में हॉकी महाराष्ट्र के कप्तान विशाल श्रीधर मानडढे को दुसरे मैच में हॉकी मध्यप्रदेश के तोहिब अहमद को व तीसरे मैच में छत्तीसगढ़ हॉकी के मोहित नायक को अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत किया गया वही अतिथियों को भी आयोजन समिति की ओर से हॉकी स्टीक स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान किया जा रहा हैं।

### आज के मैच

बालिका वर्ग में एक ही मैच हॉकी गुजरात विरूद्ध छत्तीसगढ हॉकी मध्य सुबह 7 बजे खेला जायेगा।

# एसपी वाय.पी. सिंह ने साड़ी, साल, मिठाई देकर बुजुर्ग माता-पिता का जाना हाल-चाल

अं.चौकी (दावा) नक्सल विरोधी अभियान के तहत जिला मोहला-मानपुर, अं.चौकी में 'ऑपरेशन प्रयास' चलाया जा रहा है। आज दिनांक 25 जुलाई 2024 को जिला के पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह (भापुसे) के नेतृत्व व मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स डी.सी. पटेल के दिशानिर्देश के तहत जिला पुलिस, डीआरजी और इंडो तिब्बत बार्डर पुलिस (आईटीबीपी) के द्वारा जिले के विभिन्न नक्सल प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों और सक्रिय नक्सलियों के परिवारजनों से मुलाकात कर, माओवादियों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह ने माओवादियों से अपील किया है कि माओवादियों की लड़ाई अंतिम चरण में है। पुलिस फोर्स माओवादियों के गड माड़ में पहुंच चुकी है। अभी भी समय है, समय रहते पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें और आम नागरिक की तरह समाज में जीवन यापन करें। छत्तीसगढ़ शासन विभिन्न योजनाओं के तहत छग पुलिस के द्वारा आत्मसमर्पण करने पर नगद ईनाम, घर, नौकरी, राशन कार्ड, आधार कार्ड, व्यवसाय हेतु ऋण, कृषि हेतु जमीन, स्वास्थ्य बीमा, बस यात्रा में 50 प्रतिशत छुट अन्य नियमानुसार सुविधा प्रदाय किया जाएगा।

# शहर की समस्याओं के निराकरण हेतु भाजपा पार्षद दल द्वारा निगम आयुक्त से चर्चा

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के निर्देश पर जिला भाजपा के महामंत्री नगर निगम भाजपा पार्षद दल के प्रभारी राजेंद्र गोलछा के नेतृत्व में नगर निगम के भाजपा पार्षद दल ने शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को आयुक्त अभिषेक गुप्ता से मुलाकात कर चर्चा की। जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा एवं नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के साथ मौजूद सभी भाजपा पार्षदों ने शहर की जर्जर सड़क ठीक करने, पेयजल की आपूर्ति में आ रही समस्याओं को दूर करने और शेष नल कनेक्शन शीघ्र पूरे किए जाने को लेकर समुचित व्यवस्था बनाने की मांग की। आयुक्त ने बैठक में उपायों पर की गई चर्चा उपरांत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए शीघ्र ही समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त किया है।

नेता प्रतिपक्ष किशनु यदु ने बताया कि, शहर के मुख्य मार्ग में गड्ढों पर बारिश में पानी भर रहा है। इससे दुर्घटनाएं होने की आशंका है। कुछ स्थानों पर तो पूरी सड़क ही जर्जर है। इन्हें तात्कालिक रुप से आवागमन योग्य बनाए जाने हेतु पैच वर्क या गड्ढों को भरे जाने की महती आवश्यकता है। भाजपा पार्षद दल ने इस संदर्भ में अपनी बातें आयुक्त के सामने रखीं। बैठक में इस पर चर्चा में यह निष्कर्ष आया कि मौसम साफ होने पर गड्ढों को कांक्रीट के माध्यम से भरा जाए। इसके साथ ही जिन स्थानों पर पैच वर्क के टेंडर किए गए हैं वहां यह कार्य शुरु किया जाए। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु बारिश बंद होने पर कांक्रीट मिक्स का उपयोग किया जाए। इस संदर्भ में आयुक्त द्वारा ईई को निर्देशित किया गया।

- चर्चा उपरांत आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया, शीघ्र समुचित व्यवस्था बनाने का आश्वासन

लगातार बारिश के चलते मोहारा में शिवनाथ नदी के उफान पर आने से कचरा फिल्टर प्लांट के इंटकवेल में फंस रहा है। इसके चलते शहर में पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। भाजपा पार्षद दल ने इस विषय पर भी चिंता जाहिर की। मांग की गई कि यहां गोताखोर की मदद से लगातार इंटकवेल की सफाई करवाई जाए।

इसके अतिरिक्त शहर में नल कनेक्शन से छूटे घरों में कनेक्शन शीघ्र प्रदान किए जाने की मांग भी पार्षद दल ने रखी। इन विषयों पर आयुक्त द्वारा तात्कालिक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

उक्त बैठक में जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश बघेल, पार्षद शिव वर्मा, विजय राय, गप्पू सोनकर, गगन आइच, श्रीमती मधु बैद, अरुण देवांगन, कमलेश बंधे, पार्षद प्रतिनिधि मोंटू यादव, आशीष डोंगरे, अरुण दामले, जीवन चतुर्वेदी, राजेश यादव, अरुण साहू, सेवक उइके उपस्थित रहे।

# डीआईजी झा ने एसपी, सीएसपी कार्यालय एवं थाना बसंतपुर थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा द्वारा गुरुवार को एस पी, सी एस पी कार्यालय सहित बसंतपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक श्री झा के वार्षिक निरीक्षण करने हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर उन्हें सलामी दी गई। तत् पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर कार्यालयीन दस्तावेज, रिकार्ड, शिकायत जांच, डयजेस्ट आदि देख कर निरीक्षण किया गया। फिर थाना बसंतपुर जाकर थाना का निरीक्षण किया गया जिसमें उनके द्वारा थाना के रिकार्ड रूम, शस्त्रागार, संधारित रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित अपराध, लंबित शिकायत, गुम इंसान, लंबित मर्ग, लंबित समंस/वारंट, मालखाना आदि का अवलोकन कर थाना की साफ-सफाई जवानों के वेशभूषा को देखे साथ ही थाना भवन का भी निरीक्षण किये।

महानिरीक्षक द्वारा लंबित मामलों को किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की

समस्या न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने समझाईस दिया गया। जवानों को नवीन आपराधिक कानून की जानकारी होना अति आवश्यक है बताया गया, साथ ही थाना बसंतपुर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछ कर निदान हेतु आश्वासन दिया गया। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और कार्यालय का भ्रमण किये एवं कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के समस्त प्रभारियों से रूबरू होकर उनके द्वारा संधारित दस्तावेजों का निरीक्षण किये किये लंबित पत्र का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, डीएसपी अजीत ओगरे, डी.एस.पी. श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त शाखा के प्रभारी एवं अधिकारी/कर्मचारी, नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी, थाना प्रभारी बसंतपुर एवं थाना स्टाफ उपस्थित थे।

# राजनांदगांव-कलमना तीसरी रेल लाइन निर्माण के संबंधित कार्य

राजनांदगांव(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के तहत जारी राजनांदगांव-कलमना तीसरी रेल लाइन निर्माण के सम्बंधित कार्य के फलस्वरूप कामठी-कलमना रेल खंड पर प्री-इंटरलॉकिंग/नॉन प्री-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है।

- कामठी-कलमना रेल खंड पर प्री. इंटरलॉकिंग/नॉन प्री. इंटरलॉकिंग कार्य

इसके मद्देनजर मंडल के अंतर्गत कामठी-कलमना रेल खंड के किमी 1132ध्10.12 पर स्थित मानव सहित समपार क्र.567 को दिनांक 01.08.2024 के सुबह 08:00 बजे से 16.08.2024 के रात 22.00 बजे तक अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है और इस दौरान सड़क उपभोगकर्ताओं हेतु राजीव गाँधी गेट-समपार क्र. के आर डी-1 की सुविधा प्रदान की जा रही है ताकि सड़क यातायात बाधित न हो तथा उक्त अवधि में यातायात सुरक्षित, सुगम व सुचारू से जारी रहे।

इसके अलावा संरक्षा के मद्देनजर मंडल के सभी मानव सहित रेल समपारों को चरणबद्द तरीके से बंद कर दिया जायेगा तथा सड़क यातायात हेतु वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध करायी जाएगी ताकि दुर्घटनाओं की संभावनाएं पूरी तरह समाप्त हो सके। रेलवे क्रासिंग पर दुर्घटनाएं आमतौर पर सड़क उपयोगकर्ताओं की लापरवाही के कारण होती है और कई बार समपार उपयोगकर्ताओं द्वारा समपारों को पार करने संबंधी नियमों का पालन न करने के कारण अनचाही दुर्घटनाएं घटती है। रेल प्रशासन द्वारा इन प्रयासों के फलस्वरूप निर्बाध गति से न केवल ट्रेन परिचालन को सुनिश्चित कर रही है बल्कि लेवल क्रॉस करने वाले व्यक्तियों, वाहनों आदि को भी निर्बाध गति एवं सुरक्षा के साथ ट्रेक क्रॉस करने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। संरक्षित, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा अनुभव के साथ के तीव्र गति से बाधारहित ट्रेन परिचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का लक्ष्य है।

# कारगिल विजय दिवस पर भाजयुमो शहीद परिवार का करेगी सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं भारतीय जनता युवामोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सुर्या के आह्वान एवं प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष रवि भगत, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के मार्गदर्शन में जिला भाजयुमो राजनांदगांव के द्वारा कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक अवसर की पूर्व संध्या मशाल यात्रा निकाली गई तथा आज 26 जुलाई के दिन पूरा भारत देश कारगिल विजय दिवस की पच्चीसवीं वर्षगांठ मनाने जा रही है।

इसी परिपेक्ष्य में जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि 26 जुलाई के दिन दोपहर 12.30 बजे राजनांदगांव स्थित अग्रहरि भवन में विद्यालय/महाविद्यालय के अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है साथ ही भूतपूर्व सैनिकों व देश के आन बान शान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा जिसमे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठनेता व तथा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी।

उक्त जानकारी भाजयुमो जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी ने प्रेस में दी।

# केन्द्र के बजट में कांग्रेस के घोषणा पत्र न्याय के एजेडे की नकल - सैय्यद अफजल

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस नेता व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सैय्यद अफजल अली ने कहा कि इस बजट ने कमोबेश कांग्रेस के घोषणा-पत्र की नकल की है। महत्वपूर्ण बात युवा निधि योजना के बारे में है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने इसे अप्रेंटिसशिप में शामिल होने वाले प्रत्येक युवा को 5000 रुपये देने की घोषणा की है। इससे पता चलता है कि इस सरकार ने राहुल गांधी के विचारों की नकल की है। आंध्र प्रदेश के लिए विशेष श्रेणी से इनकार कर दिया गया है। वे आंध्र प्रदेश को लॉलीपॉप दे रहे हैं। सैय्यद ने कहा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट 2024-25 में प्रमुख राज्यों बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए कई विकासात्मक परियोजनाओं की घोषणा की। यह घोषणा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद बिहार में नितीश कुमार और आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू किंगमेकर बन गए, जिससे भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को रिकॉर्ड तीसरी बार सत्ता में वापस आने में मदद मिली। विपक्ष के नेतृत्व वाले इंडिया गुट द्वारा नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू दोनों को अपने पक्ष में करने के प्रयासों के बावजूद, दोनों नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में बने रहे। सैय्यद ने मोदी सरकार का नकलची बजट बताया है, जो

- बजट में मध्यम वर्ग के लिए कुछ भीं नहीं, चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि हमारे पास 100 दिनों का एक्शन प्लान है, लेकिन बजट से लगता है कि केन्द्र सरकार केवल जनता से धोखेबाजी करने के एक्शन में व्यस्त है

काग्रेस पार्टी के न्याय के एजेंडे को ठीक से कॉपी भी नहीं कर पाए। पीएम मोदी अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिये रेवड़ियां बांट रहे है, ताकि एनडीए बची रहे। यह देश की तरक्की नहीं बल्कि मोदी सरकार को बचाने का बजट है। बजट में कोई योजना नहीं है। यह बहुत अनुचित बजट है। भारत के अधिकांश राज्यों को नजर अंदाज किया गया है। आमजन की जरूरी चिंताओं को नजरअंदाज किया गया है, सिर्फ अपनी सरकार बचाने के लिए, केन्द्र सरकार को इस बात की परवाह नहीं है कि विभिन्न राज्यों की स्थानीय जरूरतें क्या हैं और इसीलिए इंडिया गठबंधन इसका विरोध कर रहा है।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के तहत 27 जुलाई से 10 अगस्त तक वार्डो में शिविर आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की समस्याओं का निराकरण के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन करने निर्देशित किया गया है, निर्देशानुसार निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में शिविर आयोजित करने अधिकारियों व कर्मचारियों दायित्व सौपा है। शिविर के नोडल अधिकारी उपायुक्त मोबिन अली एवं सहायक नोडल अधिकारी उप अभियंता दीपक महला रहेगे।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिये जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजन करने निर्देश दिये है, निर्देशानुसार निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत 27 जुलाई शनिवार को मोतीपुर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 1,2,3,4 व 8 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे।

इसी प्रकार 29 जुलाई सोमवार को चिखली स्कूल में वार्ड नं. 5,6,7,9 व 10 के लिये शिविर, 30 जुलाई मंगलवार को बापू प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में वार्ड नं. 11,12,13,14 व 15 के लिये शिविर, 31 जुलाई बुधवार को ठा.प्यारेलाल स्कूल में वार्ड नं. 16,17,18 व 19 के लिये शिविर, 1 अगस्त गुरूवार को रेवाडीह स्कूल सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 20,21 व 22 के लिये शिविर, 2 अगस्त शुक्रवार को कौरिनभाठा स्कूल में वार्ड नं.

- शिविर के लिये आयुक्त ने सौपा दायित्व

42,43,44,45 व 46 के लिये शिविर, 5 अगस्त सोमवार को पुत्रीशाला में वार्ड नं. 23,24 व 37 के लिये शिविर, 6 अगस्त मंगलवार को भरकापारा स्कूल में वार्ड नं. 25,26 व 27 के लिये शिविर, 7 अगस्त बुधवार को लखोली सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 28,29,30 व 31 के लिये शिविर, 8 अगस्त गुरूवार को लखोली प्राथमिक शाला में वार्ड नं. 32,33,34 व 35 के लिये शिविर, 9 अगस्त शुक्रवार को इंदिरा नगर स्वास्थ्य विभाग पानी टंकी में वार्ड नं. 36,38,39,40,41 व 48 के लिये शिविर एवं 10 अगस्त शनिवार को नल घर मोहारा में वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिये शिविर का आयोजन किया गया है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शिविर आयोजन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों का दल गठित कर दायित्व सौपा गया है। शिविर में स्थानीय नागरिक समस्याएँ यथा- नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, समाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु,विवाह प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा, अनपत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे छोटे कार्य जिनका निराकरण किया जायेगा। साथ ही नल लीकेज, नलो मे पानी न आना, नालियों व गलियो की सफाई, कचरे की सफाई व परिवहन, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, टूटी फूटी नालियों की मरम्मत, सडकों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट मरम्मत आदि समस्याओं का भी निराकरण किया जायेगा।

शिविर में महापौर, अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, पार्षदों, तथा जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि उपरोक्त तिथि को वार्डो में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान करावे।

### बजट से सभी वर्गो को मिलेगा लाभ - सुमित

डोंगरगढ़ (दावा)। केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा मंगलवार को पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए भाजपा युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में सभी वर्गों को लाभ मिलेगा । यह 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पहला बजट हैं युवाओ के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। इस फैलेक्स स्लैब में बदलाव कर आय कर छूट की सीमा बढ़ाई गई, सामान्य वर्ग, किसान, जनजातीय क्षेत्रों के विकास हितकारी बजट है। यह बजट भारत की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था से आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। वहीं कारोबारियों और मजदूर वर्ग, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बजट में राहत मिली है. इस बजट में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, फ्री अनाज, बिजली, पानी, सड़क, स्टार्टअप स्किल इंडिया को बढ़ावा देने फंड, छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने, आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रावधान किया गया है।

# अभा. खडेलवाल वैश्य महासभा के राष्ट्रीय युवा मुख्य संयोजक बने शरद खडेलवाल

- सेवा ही उद्देश्य को सार्थक करते शरद खंडेलवाल

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा के 35 वें राष्ट्रीय महाधिवेशन काशी विश्वनाथ की पावन धरा वाराणसी उत्तर प्रदेश में 19, 20, 21 जुलाई 2024 को संपन्न हुआ।

35 वे महाअधिवेशन में संस्कारधानी राजनांदगांव के समाजसेवी युवाओं की प्रेरणा शरद खंडेलवाल को उनकी निष्काम समाज सेवा को देखते हुए खंडेलवाल समाज के अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र खंडेलवाल ने संस्कारधानी राजनादगांव छत्तीसगढ़ से युवा समाजसेवी शरद खंडेलवाल को अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा का राष्ट्रीय युवा मुख्य संयोजक के पद पर सुशोभित कर संस्कारधानी राजनांदगांव का गौरव बढ़ाया। संस्कारधानी राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के उभरते हुये राष्ट्रीय चेहरा, सौम्य, सरल, मृदुभाषी खंडेलवाल समाज के कर्मठ निष्ठावान दृढ़निश्चई समाज सेवक जिन्होंनें राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन का अध्यक्ष रहते हुए 4 अखिल भारतीय राष्ट्रीय आयोजनों का इतिहास राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में रचा है। फिर से एक बार इतिहास रचते हुये अखिल भारतीय खण्डेलवाल वैश्य महासभा के राष्ट्रीय युवा मुख्य संयोजक के पद पर सुशोभित होने वाले राजनांदगांव निवासी युवाओं की प्रेरणा श्री शरद खण्डेलवाल को इस ऐतिहासिक सफलता पर अनेकोनेक हार्दिक बधाई एवं अनंत-अनंत शुभकामनायें । आज राजनांदगांव खंडेलवाल समाज भी गौरवान्वित है राजनांदगांव खंडेलवाल युवाओं में हर्ष व्याप्त है समाज के युवाओं ने शरद खंडेलवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं उनके निवास पर पहुंच कर दी ।

शरद खंडेलवाल ने कहा कि यह सब संस्कारधानी का,राजनांदगाँव के पूरे जिले का,प्रदेश के सभी स्वजातीय बंधुओं का,मातृत्व शक्ति का विशेष रूप से युवा शक्ति मेरे भाईयो का जिन्होंने कंधा से कंधा मिलाकर मेरा साथ दिया,मेरे साथ खड़े रहे है आप सभी के आशीर्वाद से ही मैं यहाँ तक पहुँच पाया हूँ। राष्ट्रीय युवा मुख्य संयोजक का पद जो मुझे मिला है मैं उसका निष्ठा पूर्वक पालन करूंगा एवं पूरे देश के युवाओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित कर संगठन को देश के कोने-कोने में मजबूत करूँगा और समाज एकता को मजबूत करूँगा।

उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल वैश्य युवा समिति (छत्तीसगढ़ प्रदेश) प्रचार प्रमुख सौरभ खंडेलवाल ने दी।

## अनमोल दावा

*अच्छे कर्म करने के बावजूद भी लोग केवल आपकी बुराईयां ही याद रखेंगे, इसलिए लोग क्या कहते हैं इस पर ध्यान मत दो, तुम अपना कर्म करते रहो।*

## बजट का असंतोष आवंटन, विपक्ष का सरकार पर करारा हमला

राजग सरकार के दो कार्यकाल निर्विघ्न रहे, उनमें विपक्ष एक तरह से गायब था, इसलिए बजट पर अपेक्षित बहसें नहीं हो पाती थीं। मगर इस बार विपक्ष मजबूत स्थिति में है और सरकार उसकी आलोचना से बच नहीं सकती।

हर बजटीय प्रावधान के पक्ष और विपक्ष में तर्क होते ही हैं। अक्सर विपक्ष उसकी खामियों को लेकर हमलावर नजर आता है। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि इसे सामान्य सिद्धांत मान कर सरकार बजटीय पक्षपात या असंतुलित प्रावधानों को सही ठहरा सकती है। इस बार के बजट को लेकर विपक्ष शुरू से ही हमलावर है। बुधवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष ने बाहर प्रदर्शन किया। चर्चा के दौरान दोनों सदनों में हंगामा होता रहा।

प्रश्नकाल में विपक्ष ने राज्यसभा से बहिर्गमन किया। विपक्ष की सबसे अधिक आपत्ति बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष आबंटन को लेकर है। उसका कहना है कि बाकी राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। इसलिए कि सरकार को गठबंधन कायम रखने के लिए जद (एकी) और तेदेपा को खुश रखना बहुत जरूरी है। इस पक्षपातपूर्ण आबंटन से नब्बे फीसद देश बजट में गायब है। मगर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इसके जवाब में कहा कि सभी राज्यों को कुछ न कुछ दिया गया है, उनका उल्लेख भले बजट में अलग से नहीं किया गया। हालांकि बजट में विशेष रूप से किसानों, महिलाओं और युवाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है, मगर उनके लिए भी बजटीय प्रावधान को विपक्ष संतोषजनक नहीं मान रहा।

राजग सरकार के दो कार्यकाल निर्विघ्न रहे, उनमें विपक्ष एक तरह से गायब था, इसलिए बजट पर अपेक्षित बहसें नहीं हो पाती थीं। मगर इस बार विपक्ष मजबूत स्थिति में है और सरकार उसकी आलोचना से बच नहीं सकती। अभी बजट पर चर्चा के दौरान और भी अनेक बातें रेखांकित होंगी। मगर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि बजट पर गठबंधन के सहयोगी दलों का दबाव साफ नजर आता है। बिहार और आंध्र प्रदेश की जद (एक) और तेदेपा की राज्य सरकारें शुरू से विशेष दर्जे की मांग उठाती रही हैं।

कयास तो यहां तक लगाए जा रहे थे कि अगर उन्हें विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला तो दोनों दल केंद्र सरकार का साथ छोड़ सकते हैं। मगर केंद्र ने उन्हें विशेष राज्य का दर्जा देने से साफ मना कर दिया। फिर बजट में उन्हें भारी-भरकम विशेष आर्थिक पैकेज दिया गया। इन दोनों राज्यों को बांट कर जब दो नए राज्य झारखंड और तेलंगाना बने, तो केंद्र ने इन्हें विशेष दर्जा देने का आश्वासन दिया था, मगर वह पूरा नहीं हो सका। इस लिहाज से इनकी दावेदारी वाजिब थी, मगर इसका यह अर्थ नहीं कि बाकी राज्यों की वित्तीय स्थिति अच्छी है और वे अपने दम पर विकास कर सकते हैं।

केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह सभी राज्यों को समान रूप से तरक्की के अवसर उपलब्ध कराए। हर राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि की सुविधाएं सृजित करे। मगर अक्सर देखा गया है कि केंद्र की हर सरकार राज्यों के लिए वित्तीय आबंटन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाती है। इसी के चलते अक्सर असंतोष और विरोध का स्वर उभरता है। केंद्र और राज्यों के बीच टकराव की स्थितियां बनती देखी जाती हैं। ठीक है कि इस वक्त राजग के सामने केंद्र में स्थायित्व का संकट है, इसलिए वह अपने दो बड़े सहयोगी दलों की मांगों की अनदेखी नहीं कर सकता। मगर संतुलन की अपेक्षा तो उससे की ही जाती है। अगर कुछ राज्यों और वर्गों की वास्तविक जरूरतों को नजरअंदाज कर केवल अपने पक्ष के वर्गों और राज्यों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाती हैं तो इससे देश का संतुलित विकास संभव नहीं हो पाता।

# उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के खिलाफ बीजेपी के ओबीसी नेताओं की कश्मकश

**सैय्यद मोजिज़ इमाम ज़ैदी**

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही उत्तर प्रदेश में राजनीतिक गहमागहमी लगातार बढ़ रही है. बीजेपी अपने दम पर सरकार बनाने के लिए बहुमत हासिल करने में नाकाम रही और इसमें सबसे बड़ी भूमिका रही उत्तर प्रदेश की.

एक समय उत्तर प्रदेश में अपना वर्चस्व स्थापित करने वाली पार्टी बीजेपी इस लोकसभा चुनाव में दूसरे नंबर पर खिसक गई. समाजवादी पार्टी ने बीजेपी से ज़्यादा सीटें हासिल की. इसी के साथ बीजेपी में समीक्षा और चिंतन का दौर शुरू हुआ और कहीं न कहीं निशाने पर आ गए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ. लोकसभा चुनाव के नतीजे ने ओबीसी वोट को लेकर बीजेपी की चिंता बढ़ा दी है. ओबीसी और दलित मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा बीजेपी से खिसक गया है.

इन सबके बीच उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी काफ़ी सक्रिय हो गए हैं. माना जा रहा है कि बीजेपी के अंदर ओबीसी नेता काफ़ी चिंतित हैं.हाल ही में यूपी के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की एक चिट्ठी वायरल हो रही है, जिसमें मौर्य ने कार्मिक विभाग से जानकारी माँगी है कि संविदा और आउटसोर्सिंग के ज़रिए भर्ती किए जा रहे कर्मचारियों में किस तरह आरक्षण दिया जा रहा है.

ये विभाग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास है और माना जा रहा है कि मौर्य ने आरक्षण के ज़रिए मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है. हालाँकि केशव प्रसाद मौर्य के सवाल के बाद यूपी के सूचना विभाग ने आँकड़े जारी किए हैं.

इसमें बताया गया है कि 512 आउटसोर्स्ड कर्मचारी विभाग में लिए गए है, जिसमें 75 फ़ीसदी यानी 340 ओबीसी वर्ग के हैं. मौर्य के ऑफ़िस में विरोधी खेमे के नेताओं का जमावड़ा लग रहा है.मिलने वालों में विधायक, मंत्री, सांसद और पूर्व सांसद हैं. बीजेपी के सहयोगी ओम प्रकाश राजभर और संजय निषाद भी मौर्य से मिले हैं, इसके अलावा दारा सिंह चौहान ने भी मौर्य से मुलाक़ात की है.

इसके जवाब में योगी आदित्यनाथ अपने खेमे के ओबीसी नेताओं से मुलाक़ात कर रहे हैं.





बुधवार को सीएम योगी ने नरेंद्र कश्यप से मुलाक़ात की जो पिछड़ा वर्ग मंत्री हैं. इसके अलावा वे राज्य मंत्री रामकेश निषाद और रानीगंज के विधायक राकेश कुमार वर्मा से भी मिले हैं.चुनाव के नतीजों के बाद बीजेपी के ओबीसी नेताओं में बेचैनी है. वजह स्पष्ट है कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी से ग़ैर यादव ओबीसी छिटक गया है. योगी विरोधी ओबीसी नेता लामबंद हो रहे हैं और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य खुलकर बैटिंग कर रहे हैं. उनके निशाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं, क्योंकि ओबीसी नेता हार के लिए योगी को ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं और अपनी साख बचाने की क़वायद में लगे हैं.

बीजेपी के कुर्मी, मौर्य, राजभर और पासी समाज के नेता परेशान दिखाई दे रहे हैं. बीजेपी से इस चुनाव में ये वर्ग ख़ासा दूर हुआ है जिसका नतीजों पर असर पड़ा है. ये वर्ग साल 2014 से बीजेपी के साथ था और साल 2022 तक एकजुट तरीक़े से बीजेपी के जीत में अहम भूमिका निभाता रहा.लेकिन अब ये वर्ग दूर हो रहा है. बीजेपी और इन नेताओं के सामने चुनौती है कि कैसे इस वर्ग को वापस लाया जाए.बीजेपी ने ओबीसी विभाग की बैठक बुलाकर नेताओं से कहा है कि वो अपने समाज को फिर से पार्टी के साथ जोड़ें. लेकिन ये रास्ता इतना आसान नहीं है.बीजेपी की मुश्किल पर वरिष्ठ पत्रकार अनिल चमड़िया कहते हैं ÷ओबीसी का मतलब ग्रुप ऑफ़ कास्ट है. बीजेपी ने इनको अपनी राजनीति के हिसाब से जोड़ा था, लेकिन कोई एजेंडा नहीं बनाया बल्कि इनमें से कुछ को प्रतिनिधि बनाया, जबकि प्रतिनिधि और प्रतिनिधित्व में फ़र्क है क्योंकि जो समाज के मुद्दे थे वो हाशिए पर चले गए. इसकी वजह बीजेपी की विचारधारा है जो आड़े आ रही थी. इसलिए बीजेपी ने अलग-अलग जातियों को अपने हिसाब से जोड़ा था ना कि एकमुश्त योजना बनाकर ओबीसी को अपने साथ लेकर आए थे.लेकिन दूसरी ओर मुख्यमंत्री से बुधवार को मिलने वाले पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री और बीजेपी के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने बीबीसी से कहा, ÷ओबीसी बीजेपी के पक्ष में लामबंद हो रहा है. इसके लिए ज़मीनी काम शुरू हो गया है. उन्होंने कहा, ÷29 जुलाई को बीजेपी के ओबीसी विभाग की बैठक बुलाई गई है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों उप मुख्यमंत्री हिस्सा लेंगे. संगठन की पूरी क़वायद है कि साल 2024 के चुनाव में जो कमी रह गई है, उसको पूरा किया जाए. ये सतत प्रक्रिया है जो साल 2027 के चुनाव तक चलेगी. इसके लिए हम अपने लोगों के बीच जाकर संवाद स्थापित करेंगे.÷

कश्यप ने मौर्य की आरक्षण वाली चिट्ठी का जवाब देते हुए कहा, ÷अभी संविदा और आउटसोर्सिंग पर आरक्षण लागू नहीं है. ऐसे में सिर्फ़ सरकारी नौकरी में ही ये लागू हो सकता है, हालांकि अगर ऐसा होता है तो पिछड़ी जातियों के लिए अच्छा रहेगा.ओबीसी मतदाताओं ने दो लोकसभा चुनाव और दो विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत में अहम योगदान दिया है.

लेकिन साल 2024 आते-आते ख़तरे की घंटी बज गई है. अब यह ग़ैर यादव ओबीसी दूसरी तरफ़ देख रहा है.इसकी वजह से बीजेपी के ओबीसी नेता भी बेचैन हैं.सीएसडीएस लोकनीति के सर्वे में बताया गया है कि बीजेपी को ऊँची जातियों का वोट 79 फ़ीसदी मिला. वहीं इंडिया गठबंधन को सिर्फ़ 16 फ़ीसदी वोट मिले.लेकिन इंडिया गठबंधन ने ओबीसी वोट में बढ़त बनाई. ओबीसी वोटर्स ने संविधान,आरक्षण और बेरोज़गारी के मुद्दे पर वोट किया है.सीएसडीएस के सर्वे के मुताबिक़ इस चुनाव में बीजेपी को कोरी-कुर्मी का 61 फ़ीसदी वोट मिला लेकिन ये पिछली बार से 19 फ़ीसदी कम है.वही ग़ैर यादव ओबीसी का 59 फ़ीसदी वोट मिला है जो पिछली बार से 13 फ़ीसदी कम है .ग़ैर जाटव दलित वोट बीजेपी को 29 फ़ीसदी मिला है जो पिछली बार से 19 फ़ीसदी कम है.साल 2019 के चुनाव में बीजेपी ने 62 लोकसभा सीट अकेले ही जीती थी, लेकिन साल 2024 में सिर्फ़ 33 सीट जीत पाई है.इस पर पिछड़ा वर्ग मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि पार्टी अपने नेताओं को फिर से प्रशिक्षित करके इस वर्ग को जोड़ने की कोशिश करेगी. कश्यप किसी भी तरह के अंदरूनी कलह से इनकार कर रहे हैं.

सोमवार को योगी आदित्यनाथ की मीटिंग में बीजेपी के सहयोगी ओमप्रकाश राजभर नहीं गए. वे केशव प्रसाद मौर्य से लखनऊ में मिले.जल्द ही उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है. जिनमें अयोध्या की मिल्कीपुर सीट और आंबेडकर नगर की कटेहरी सीट भी है, जहाँ से लालजी वर्मा सांसद चुने गए हैं वही मिल्कीपुर से विधायक रहे अवधेश प्रसाद फ़ैज़ाबाद सीट से सांसद चुने गए हैं.यही नहीं, समाजवादी पार्टी के पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) कार्ड से सुल्तानपुर, मछली शहर, आज़मगढ़, कौशांबी और प्रयागराज में भी बीजेपी को हार का मुंह देखना पड़ा.गाज़ीपुर बलिया भी पार्टी के हाथ से चली गई बस्ती और श्रावस्ती में भी पिछड़ी जाति के नेता समाजवादी पार्टी से सांसद चुने गए.

केशव प्रसाद मौर्य की अपनी महत्वाकांक्षा है. साल 2017 में वो प्रदेश के अध्यक्ष थे. उनकी अगुवाई में चुनाव लड़ा गया था, लेकिन बाज़ी योगी आदित्यनाथ के हाथ लगी.लेकिन पाँच साल में मौर्य का जलवा कम नहीं रहा. वे पीडब्ल्यूडी जैसे विभाग के मंत्री थे, लेकिन साल 2022 के चुनाव में सिराथू से चुनाव हार गए. उनको पार्टी ने उपमुख्यमंत्री तो बनाया लेकिन मंत्रालय बदल दिया तभी से मौर्य नाराज़ है.जितिन प्रसाद के केंद्र में मंत्री बन जाने की वजह से पीडब्ल्यूडी विभाग ख़ाली हो गया है, लेकिन अभी तक ये मौर्य को नहीं मिल पाया है. मौर्य के संगठन वाले बयान को इस चश्मे से भी देखा जा रहा है कि वो मुख्यमंत्री को दबाव में लेना चाहते है।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 215 : सुमंत जी ने श्री राम को राजा दशरथ के पास तत्क्षण जाने के लिए कहा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सीता जी आगे कहने लगीं, ''प्रकाश के ये कण यह बताने के लिए हैं कि जीवन में अंधेरे के मध्य भी प्रकाश की उपस्थिति है और इसलिए निराश होने की आवश्यकता नहीं है।''

''सत्य कहा सीते!'' मुस्कुराते हुए श्री राम ने कहा।

श्री राम ने अनुराग से सीता जी की दाहिनी हथेली अपनी बाईं हथेली में रख ली और दोनों एक दूसरे का हाथ पकड़कर पूर्व दिशा में अंबर को निहारने लगे। दोनों कुछ देर इसी तरह आकाश में बनने वाली विभिन्न मनोहर आकृतियों को निहारते रहे। समय थम सा गया है और कितना अच्छा होता अगर यह समय यूं ही ठहर जाता, लेकिन थोड़ी ही देर में द्वार पर प्रतिहारी की ध्वनि सुनाई दी और उसने मंत्री सुमंत के आगमन की सूचना दी।

हंसते हुए श्री राम ने कहा, ''अरे! सुमंत जी को यहां आने की क्या आवश्यकता थी? मैं तो स्वयं यहां से प्रस्थान कर श्री हरि विष्णु के मंदिर की ओर प्रस्थान करता और अभिषेक समारोह के लिए अपनी उपस्थिति देता।''

सीता जी के मुख के भाव बदलने लगे। उन्होंने कहा, ''पता नहीं मुझे ऐसा क्यों लग रहा है स्वामी कि कोई विशेष घटना हुई है। तभी सुमंत जी इतनी सुबह यहां हमारे निज भवन में पधारे हैं।''

श्री राम आगंतुक कक्ष में पहुंचे, जहां सुमंत जी व्यग्रता के साथ उनका उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। श्री राम को देखते ही वे अपने आसन से उठ खड़े हुए।

''प्रणाम राजकुमार जी!''

''प्रणाम सुमंत जी! विराजिए।''

सुमंत जी ने बताया, ''एक गंभीर समस्या को लेकर मैं आपके समक्ष उपस्थित हुआ हूं राजकुमार जी। महाराज दशरथ ने आपका रानी कैकेई के निज कक्ष में स्मरण किया है। वे आपसे तत्क्षण भेंट करना चाहते हैं।''

''अरे! यह स्थिति है सुमंत जी? मैं शीघ्र चलता हूं। आइए, पिताश्री के पास चलें।''श्री राम ने कहा।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -129



### सु-दोकू क्र.129





## सामयिक चर्चा

### स्वाभाविक प्रश्न

खबर पढ़कर, बानी बोले- ''गजाधर!
केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने
एक आदेश जारी कर
सरकारी कर्मचारियों के,
राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के
कार्यक्रमों में भाग लेने पर,
लगे प्रतिबंध को हटा दिया है।
इस पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण
तथा ग्रामीण विकास मंत्री
शिवराज सिंह जी चौहान ने
फैसले को अभिनन्दनीय निरूपित करते हुए
पीएम मोदी जी के प्रति
व्यक्त किया है अपना आभार!''
गजाधर मुस्कराए बोले-
''बानी! अभी तो यह ठीक है,
पर जब सरकार बदलेगी,
तब ऐसे संघप्रिय कर्मचारियों का
क्या हाल होगा यार?''





गिरीश बख्शी

## स्मृतियां - 1

### 'जीवन के रंग' सीखने के लिए सीखना

कोरिया जिले में एक शिक्षिका थी। मैंने उन्हें अंग्रेजी भाषा संस्थान रायपुर में एक माह का अंग्रेजी प्रशिक्षण दिया था।

तब वे 'अंग्रेजी शिक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा' कोर्स विभागीय तौर पर दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से 'अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा वि.वि.' हैदराबाद से कर रही थी।

उनका एक पेपर था 'साहित्य की व्याख्या'। उन्होंने एक पैराग्राफ मुझे व्हाटसअप कर पूछा ये साहित्य है या नहीं? पैराग्राफ कुछ अजीब था। पढ़ने में सहज नहीं था। मैं बहुत कुछ जानता हूं, लेकिन, सब कुछ तो नहीं। मैंने टालने की कोशिश की ''साफ नहीं है।'' उन्होंने दुबारा फोटों खींच कर भेजा। अब दुविधा मेरी थी। उसे उत्तर बताना था। मैंने गुगल सर्च किया। गुगल ने बता दिया - वो सुप्रसिद्ध दार्शनिक नित्जे की पंक्तियां थी। मैंने झट उसे लिख दिया 'गुगल सर्च करो।' उसने सर्च किया और उसको उत्तर मिल गया।

21 वीं सदी में 'शिक्षा की चुनौतियां' पर जैक्विस डेलर्स की अध्यक्षता में गठित 'विश्व शिक्षा आयोग' ने अपने प्रतिवेदन में शिक्षा के प्रमुख चार आधार स्तम्भ का जिक्र किया है। जिसमें पहला है - सीखने के लिए सीखना 2, कुछ बनने के लिए सीखना 3, कुछ करने के लिए सीखना 4, साथ-साथ जीना सीखना अर्थात, हमारी प्राचीन मूल मंत्र है- 'वसुधैव कुटुम्बकम'। पूरी पृथ्वी की परिवार है। आज की शिक्षा की यही चुनौती है। ज्ञान/जानकारी सब कुछ सहज उपलब्ध है। कमी है तो बस उस ज्ञान/जानकारी को खोजने की, उसके स्रोत को जानने की जानकारी का अभाव।

**युगल किशोर तिवारी**
**राजनांदगांव**
**मो- 8827292489**

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा का रिजल्ट आपके पक्ष में आएगा। आर्ट, मीडिया से जुड़े लोगों को नौकरी के नये अवसर मिलने के योग हैं। आपको, ऑफिस में आपके कार्यों के लिए सम्मान मिलेगा। आपकी इनकम बढ़ेगी। आपका पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए लकी रहेगा। आप अपने बिजनेस में कोई नई शुरूआत करेंगे। आपकों जबरदस्त सफलता मिलेगी। समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस दौरान आप नये लोगों से मिलेंगे। कुछ नया सीखने को मिलेगा। कई माध्यमों से धन कमाने के मौके मिलेंगे। इस दौरान आप ओवर कॉन्फिडेन्स से बचें।

**मिथुन** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपके परिवार का माहौल सुखद रहेगा। आपसी तालमेल देखकर आपको खुशी होगी। आपकी प्रोफेशनल लाइफ शानदार रहेगी। आज किए गए प्रयासों में दोगुना लाभ होगा। आप आर्थिक तौर पर खुद को मजबूत पायेंगे। जो लोग चिकित्सा से जुड़ें हैं, उनके लिए उत्तम समय है।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए नये फैसलें लेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छा बदलाव आएगा। कोई बिजनेस ट्रिप भी कर सकते हैं। आपको सुखद अनुभव के साथ मानसिक सुकून मिलेगा। आज आप परिवार के खुशहाल माहौल में दिन बिताएंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपको आपके करियर के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मिलेंगी आपका कोई सरकारी काम बनेगा। उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको नौकरी में लाभ होगा। आपको नई दिशा मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपकी लाइफ स्टाइल में बदलाव देखने को मिलेगा।

**कन्या** — आज आपका दिन खास रहने वाला है। व्यापार जगत से जुड़े हर कार्य में आपको सफलता मिलेगी। परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन कर छात्र कामयाबी पा सकेंगे। जीवनसाथी से आपकी अच्छी समझ रहेगी। आप आनंदित महसूस करेंगे। आज प्रापर्टी से जुड़े मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है। खासकर कागजी कार्यवायी ध्यान से करें।

**तुला** — आज का दिन आनंद से भरा रहेगा। आपके परिवार में कोई मांगलिक कार्य होगा। घर का माहौल खुशहाल रहेगा। आज आप कुछ समय संगीत सुनने में बिताएंगे। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। नई नौकरी ज्वाइन करने से पहले अच्छी तरह सोंच-समझ लें। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

**वृश्चिक** — आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप किसी बिजनेस में धन निवेश करेंगे। आप व्यापार संबंधी कोई नई योजना शुरू करेंगे। अपने व्यापार को आगे ले जाएंगे। आपका रुका हुआ पैसा वापस आ सकता है। आप कुछ दान पुण्य का काम भी करेंगे। जरूरतमंद बच्चों को उनके जरूरत की चीजें बाटेंगे।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। आप एक दूसरे की भावनाओं को समझने का प्रयास करेंगे। आप अपने बच्चों और परिवार के साथ ज्यादा समय बिताएंगे। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन बढ़िया रहेगा। आपको आपके सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा।

**मकर** — आपके लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आपको परिवार का साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में परेशानियां खत्म होंगी। कार्यस्थल पर आज आपकी भागदौड़ ज्यादा रहेगी। व्यापार में अच्छे लाभ के योग हैं। इस दौरान किसी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है। लेनदेन करते समय खास ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए बेहतर परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने कार्यस्थल पर अपने सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। आप अपनी पहचान बनाने में सफल रहेंगे। अपनी कड़ी मेहनत से विरोधियों को चुनौती दे पाएंगे। आपका नए कार्यों में मन लगेगा। आप अपना बेस्ट देने का प्रयास करेंगे।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपना कोई बिजनेस स्टार्ट करेंगे। आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आपके निजी रिश्तों में सुधार आएगा। पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय में आर्थिक फायदा मिलेगा। इस दौरान आपको अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखना होगा।

# गुण्डरदेही-उमरवाही मार्ग की दुर्दशा की गूंज क्या विधानसभा में गुंजेगी

(राजेश मेश्राम)

जोंधरा (दावा)। रास्ते भर सड़कों में नाली की तरह भरा हुआ पानी, पानी के भराव के कारण समतल दिखाई दे रही सड़क, कहीं-कहीं चढ़ावों पर एक तरफ काफी गहरा तो दूसरी तरफ उभरी हुई ऊंची सड़क, तो कहीं घुटनों तक गड्ढे वही उखड़ी गिट्टिया और बोल्डर मार्ग को काफी खौफनाक और भयानक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। पाठको को भले ही यह किसी भूतिया फिल्म की स्टोरी की तरह लग रहा है पर यह सच्चाई है छुरिया विकासखंड के ग्राम गुंडरदेही से उमरवाही सड़क मार्ग की।

### दो जिलों को जोड़ने वाली जीवन रेखा मार्ग

गुंडरदेही से उमरवाही मार्ग इस क्षेत्र में निवास रत लगभग 100 ग्रामों के लिए जीवन रेखा मार्ग है। यह इकलौता ऐसा मार्ग है जिससे गुजर कर ही 100 ग्रामों के ग्रामीण अपने घर तक पहुंच पाते हैं वहीं दूसरी तरफ बालोद जिले के ग्राम रेंगाडबरी पहुंचने का एकमात्र पहुंच मार्ग है। राहगीरों की माने तो कम से कम हजार राहगीर इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरते है। इतना मुख्य मार्ग होते हुए भी यह मार्ग आज पूरी तरह तहस-नहस हो चुका है।

### पचास वर्ष पुराना पर पीडब्ल्यूडी मार्ग

गुंडरदेही उमरवाही मार्ग का निर्माण लगभग 50 वर्ष पुराना है अनुमान लगाया जा सकता है मार्ग अति महत्वपूर्ण है तभी तत्कालीन सरकार ने इसकी मंशा को समझते हुए इसका निर्माण करवाया था तब से यह मार्ग आज भी पीडब्ल्यूडी मार्ग के अंतर्गत ही आता है, पर विभाग की कुंभकर्णी नींद ने इस मार्ग के राहगीरों के लिए इस सड़क को खौफनाक और भयानक बनाकर रख दिया है।

### बारह किलोमीटर को पार करने लगता है एक घंटा

गुंडरदेही उमरवाही मार्ग की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है दो पहिया वाहन में इतनी दूरी को पार करने में अन्यत्र मार्ग पर महज 20 मिनट का समय लगता है पर इस मार्ग में सड़क की दुर्दशा के चलते पूरा एक घंटा का वक्त लग जाता है। बारिश ने तो इस मार्ग की कमर ही तोड़ कर रख दी है, कहीं-कहीं पर तो एक-एक किलोमीटर सड़क के बीचो-बीच पानी भरा रहता है। जिससे यह अनुमान लगाना मुश्किल होता है कि सड़क की सही दिशा कौन सी है। यह स्थिति मार्ग में पड़ने वाले ग्राम बरबसपुर के समीप देखा जा सकता है जहां खेतों का सारा बहता हुआ पानी भी सड़क में नाले के आकार का हो जाता है।

### विद्यार्थियों ने की रीड की हड्डी को बचाने की अपील

इसी मार्ग के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरबसपुर और संबलपुर के विद्यार्थी हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की कक्षाओं में अध्ययन के लिए इसी जर्जर मार्ग से होकर गुजर कर उमरवाही अध्ययन करने जाते हैं। विद्यार्थियों ने अपने लिए और अपने शिक्षकों की सलामती के लिए शासन से शीघ्र ही बरसात के बावजूद भी इन गढ्ढों को पाटने की अपील की है। गढ्ढे और उखड़ी सड़कों की वजह से प्रतिदिन गुजरने वाले राहगीरों को कही कोई दुघर्टना का सामना न करना पड जायें।

### क्षेत्रीय विधायक से सड़क समस्या को विधानसभा में उठाने की मांग

गुंडरदेही उमरवाही मार्ग की दयनीय स्थिति बारिश से पूर्व ही थी। बारिश ने तो इस मार्ग में सिर्फ घी डालने का काम किया है, बावजूद इसके समय रहने के बाद भी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा इस मार्ग की कोई मरम्मत यथार्थ के धरातल में नहीं की गई है। जिसकी वजह से आज इस मार्ग से गुजरना एक राहगीर के लिए दुर्गम हो गया है। करीब 70 ग्रामों के ग्रामीणों ने इस मार्ग के कायाकल्प के लिए क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू से अपील की है कि वह इस मार्ग की समस्या को छत्तीसगढ़ विधानसभा की बैठक में गर्मजोशी के साथ उठाएं और वर्षों से पीड़ित क्षेत्रीय ग्रामीण को जर्जर सड़क से मुक्ति दिलाएं।

> उमरवाही मार्ग की दशा एकदम ही दयनीय है, विभाग को भी पता है। मात्र एक सप्ताह में ही गढ्ढों को भरने का काम चालू कर दिया जाएगा। साथ ही मार्ग के लिए एजेंसीकर्ता के मिलते ही डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।
>
> – हर्षद साहू एस.डी.ओ. पीडब्ल्यूडी

# छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर छुरिया में काला पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ परिक्षेत्र बागनदी उपपरिक्षेत्र छुरिया के द्वारा नियमितिकरण एवं स्थायीकरण को लेकर सर में काला पट्टी बांधकर 25 जुलाई को प्रदर्शन किया तथा 25 जुलाई से 3 अगस्त तक सर में काला पट्टी बांधकर अपने काम में आएंगे। जनक राम चौधरी जिला कार्यकारिणी सदस्य दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ ने बताया कि विगत कई वर्षों से नियमितिकारण एवं स्थाईकरण के मांग को लेकर निरंतर सरकार का ध्यान आकर्षण करते हुए आ रहे हैं किंतु आज दिवस तक हमारी मांगे पूरी नहीं की गई है।

**25 जुलाई से 3 अगस्त तक काला पट्टी बांधकर करेंगे काम**

जिसके कारण दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी, दैनिक श्रमिक, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक, वाहन चालक कंप्यूटर ऑपरेटर में रोष व्याप्त है। अपनी मांगों को लेकर 25 जुलाई से 3 अगस्त तक सर में काला पट्टी लगाकर काम करेंगे तथा दिनांक 4 अगस्त से प्रदेश के वन मंत्री वित्त मंत्री व उपमुख्यमंत्री के बंगला का घेराव करेंगे इसके बाद कर्मचारी हित में सरकार ने निर्णय नहीं लिया तो 11 अगस्त से कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाएंगे। रेवाराम सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ छुरिया परिक्षेत्र ने बताया कि पूर्व सरकार में कर्मचारियों ने अपनी 9 सूत्री मांग मनवाने 34 दिनों तक हड़ताल किया था जिसे सरकार ने नजरअंदाज कर दिया। कर्मचारियों को वेतन भी प्रतिमाह नहीं मिलता है।

कर्मचारियों का विगत चार पांच माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। विनोद साहू सचिव वन परिक्षेत्र बागनदी ने बताया कि वन विभाग के अंतर्गत कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी श्रमिकों का जब तक नियमितीकरण नहीं हो जाता वन विभाग में तृतीय श्रेणी व चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों के सीधी भर्ती पर तत्काल रोक लगाए जाने चाहिए और उक्त रिक्त पदों में दैनिक वेतन भोगी को समाहितिकरण किया जावे।

इस अवसर पर जनक चौधरी, रेवाराम सिन्हा, विनोद साहू, उमन दास साहू, डोमन दास साहू, भारत लाल उसेंडी, आसाराम कंवर, पांडुराम सिन्हा, रमेश कुमार उइके, तेजू यादव, जागेश्वर नेताम, अफरोज कुरेशी, राजेश कुमार, मूलसिंह नेताम, पूरन नेताम, राजेंद्र नेताम, रामविलास आदि प्रदर्शन मे शामिल थे।

# कलकसा में गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र द्वारा सामाजिक मेधावी बच्चों का सम्मान समारोह कार्यक्रम

कलकसा (दावा)। गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा द्वारा सामाजिक मेधावी बच्चों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या ठाकुर अध्यक्षता मुड़ा परिक्षेत्र के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह कुंजाम विशेष अतिथि के रुप में तहसील अध्यक्ष संतोष पड़ोती, रुदन उईके संरक्षक गोंडवाना यूथ क्लब डोंगरगढ़, धनेश्वर सोरी, सविता मंडावी, डीजन उईके रहे। सर्वप्रथम फड़ा पेन शक्ति को सेवा जोहार करते हुए मंचस्थ अतिथियों का पिला चावल से स्वागत किया गया। इस बीच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुश्री ठाकुर मैडम ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम उस समाज के लोग हैं। जो अन्य समाज से हटकर हमारी संस्कृति सभ्यता अलग है। हम लोग प्राकृति शक्ति को मानने वाले लोग हैं। आज इस मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा में हमारे समाज के होनहार बच्चो का सम्मान समारोह हो रहा है। जिसे देखकर मुझे भी अपने विद्यार्थी जीवन का याद आ गया कि आज जो होनहार बच्चे बैठे हैं उसी तरह मै भी बैठी करती थी। इस तरह का कार्यक्रम होने से बच्चों का मनोबल ऊंचा होता है। जिससे उनमें अपने स्तर पर तैयारी करने का एक रास्ता मिलता है सुश्री मैडम कहा कि हमे अपना तैयारी खुद करना है कि क्या बनना है? क्या करना है? तभी हम अपने माँ बाप अथवा हमारे समाज का नाम रोशन कर सकें। इस बीच मुड़ा परिक्षेत्र अध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम ने बच्चो को कहा कि

हमे शिक्षण कार्य के साथ साथ हर प्रवर्ग में ध्यान देना चाहिए, और जो भी क्षेत्र को लेकर चल रहे हैं। उनमें अपना लगन से तैयारी करें। निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। और हमे ये भी ध्यान रखना होगा कि हम जहां भी जाते हैं। पर इस चीज को नहीं भूलना चाहिए कि हम एक गोंड समाज के बच्चे है। और हम अपने समाज को एक नया इतिहास तक पहुंचा सकें। श्री कुंजाम ने कहा कि इस वर्ष हमारे मुड़ा परिक्षेत्र का यह कार्यक्रम प्रथम वर्ष है, आने वाले सत्र में हम भव्या रूप से मनाएंगे।

उद्बोधन पश्चात बच्चों को सम्मान में शिक्षा के क्षेत्र में तिरु.यज्ञदीप उईके भैंसरा एमबीबीएस, लया. लिसा उइके भैंसरा क्लेट में, तिरु. गगन धूसेरा 12वी में 87 प्रतिशत, सजनी धुर्वे माड़ीतराई, लक्ष्मी कोहकोटा धूसेरा 10वी में 90 प्रतिशत, मानशी धुर्वे माड़ीतराई, सिमरन धुर्वे लेडीजोब, दुलेश्वरी धुर्वे बेलगांव, करण धुर्वे पीपरखार, विद्या मंडावी कटली, पंकज मंडावी धुसेरा, तीक्षा उईके, भैंसरा, प्रतियोगी परीक्षा के क्षेत्र में लया माया नेताम कलकसा एसएससी, एमपीएस, पीएचएसएल कुणाल उईके भैंसरा नीट 2024, खेल में शेखर धुर्वे लोहझरी नेशनल जूनियर कबड्डी हैदराबाद, अमन मंडावी भैंसरा नेशनल जूनियर कबड्डी कोलकाता, दिलीप मंडावी कलकसा नेशनल फुटबाल पुलिस टीम, हेमंत धुर्वे कलकसा नेशनल फुटबाल, हरीश धुर्वे लोहझरी यूनिवासिटी नेशनल कबड्डी, सौरभ धुर्वे, आकाश मंडावी लोहझरी, कला-संगीत क्षेत्र में रोहित मंडावी भैंसरा गीतकार संगीतकार, धर्मेश धुर्वे, बछेराभाटा नृत्य व अभिनय, पारित नेताम चित्रकला व पेंटिंग में हमारे समाज का गौरव बढ़ाया इन सभी को प्रशस्ति पत्र व मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही रोहित मंडावी भैंसरा द्वारा संचालित एलबम रिलीज किया गया। इस कार्यक्रम में समाज कुंभ लाल पदम, उपाध्यक्ष धर्मेश धुर्वे टूमेश नेताम अध्यक्ष युवा प्रभाग, राधेश्याम सूर्यवंशी, राजेश नेताम, प्रवीण मंडावी, किशोर नेताम, सविता मंडावी महिला प्रभाग, जितेंद्र उईके, दिलीप कुमार, श्रवण कोहकोटा, लालसिंह मंडावी इंद्रा पूराम छेरकू तुमरेकी, रामगुलाल, राममिलन मुन्ना लाल, चैतुराम, गिरवर, पंचम नेताम, बिसेशर नेताम, बरमा मंडावी, फागसिंह, जगदेव साहू, लिखन कुंजाम, मीनेश कुंजाम, हिरा उइके, संतोष धुर्वे, सोनकुवार मरकाम, कविता धुर्वे, डीजन यूइके, सुरजोतीन सहित अधिक संख्या में गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र के स्वजातिगण उपस्थित रहे।

# एम.एस.सी. रसायन शास्त्र-द्वितीय सेमेस्टर में अदिति कक्षा में प्रथम

डोंगरगढ़ (दावा)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा 16 जुलाई 2024 को एम.एस.सी. रसायन शास्त्र द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए जिसमें शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

कु. अदिति चौके पिता विजय राव चौके ने 79.1 प्रतिशत के साथ प्रथम, सक्षम वैष्णव पिता चंद्रेश कुमार ने 76.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं भूमिका सिन्हा पिता भाग चंद ने 74.7 प्रतिशत के साथ कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने सभी छात्रों सहित विभाग के प्राध्यापक श्रीमती सोनाली लोया खानखोजें, ओमप्रकाश वर्मा तथा गौरव तिवारी को बधाई दी।

# उप डाकघर से भेजी गई डाक सामग्री 3 माह बाद भी नहीं पहुंची सही पते पर

**प्रेषक द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई, क्षतिपूर्ति देकर पल्ला झाड़ रहा है विभाग**

डोंगरगढ़ (दावा)। उप डाकघर डोंगरगढ़ से 3 माह पूर्व 4 अप्रैल 2024 को शहर के वॉर्ड नंबर 16 मुल्तानी पारा निवासी कासम चौहान ने अपने 12 हजार रुपए कीमत की सामग्री अपने परिजन के पास स्पीड पोस्ट के द्वारा सूरत के पते पर प्रेषित की थी। प्रेषक कसम चौहान के द्वारा प्रेषित की गई सामग्री आज पर्यंत अंकित किए गए पते पर नहीं पहुंच पाई। और नाही उस सामग्री का कुछ पता चल पाया।

प्रेषक द्वारा अपने परिजनों के माध्यम से सामग्री के संबंध में सूरत स्थित पोस्ट ऑफिस से जानकारी ली गई। किंतु वहां भी सामग्री के संबंध में नहीं बताया गया। तत् पश्चात प्रेषक द्वारा डोंगरगढ़ शाखा में अनेकों मर्तबा स्वयं जाकर संपर्क किया गया। शिकायत किया गया। ऑनलाइन चेक किया गया। परन्तु पार्सल की गई सामग्री के संबंध में पोस्ट ऑफिस की ओर से कोई जवाब देही लेने वाला नहीं मिला। प्रेषक आवेदनकर्ता द्वारा अनेकों मर्तबा आवेदन करने पर प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग से प्राप्त पत्र में उन्हें 212 रुपए क्षतिपूर्ति हेतु दिए जाने का विवरण प्राप्त हुआ है।

### क्षतिपूर्ति देकर पल्ला झाड़ रहा है विभाग

आक्रोशित प्रेषक द्वारा बताया गया की अनेकों मर्तबा पोस्ट ऑफिस डोंगरगढ़ का चक्कर काटे जा चुके है। उन्हे उनके द्वारा प्रेषित की गई सामग्री की आज पर्यंत कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।वे पूर्ण रूप से हताश, निराश हो चुके है। मेरे द्वारा प्रभार अधीक्षक दुर्ग को आवदेन किया गया था। जिसके बाद मुझे एक पत्र प्राप्त हुआ है।

जिसमे मेरी सामग्री के गुम हो जाने के 212 रुपए क्षतिपूर्ति हेतु दिए जाने का विवरण है। परंतु वस्तु की कीमत ही 12 हजार रूपए है तो 212 रूपए में मेरी क्या क्षतिपूर्ति होगी।

# भोथीपारकला स्कूल में लोक कलाकारों का सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई

राजनांदगांव (दावा)। उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार शिक्षा सप्ताह के चौथा दिवस ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी वहीं स्थानीय लोक कलाकारों ने भी अपनी प्रतिभा से बच्चों को प्रभावित किया। स्थानीय कलाकारों का सम्मान भी किया गया। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था धरती के सिंगार भोथीपारकला के संचालक और लोक कलाकार महेश्वर प्रसाद साहू के साथ ही स्थानीय लोक कलाकार गीतेश राजा साहू लोक गायक, ललित कुमार साहू ढोलक वादक को श्रीफल और पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक पाठक गजाधर साहू, शिक्षक ओम प्रकाश साहू, शिक्षिका योगेश्वरी रावटे ने बच्चों और लोक कलाकारों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश साहू और आभार व्यक्त प्रधान पाठक गजाधर साहू ने किया।

# जल संसाधन एवं पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से किसानों का फसल चौपट

छुरिया (दावा)। जल संसाधन एवं लोक निर्माण विभाग अंतर्गत गैंदाटोला-कुमर्दा सड़क मार्ग में स्वीकृत पुलिया का निर्माण नहीं होने से तेज बारिश के चलते क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की फसल चौपट हो गई। किसानों ने पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू को अपनी पीड़ा बताई और किसानों के साथ छुरिया पहुंचकर उन्होंने निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही के साथ क्षतिपूर्ति मुआवजा की मांग करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

**मुआवजा की मांग को लेकर पूर्व विधायक ने सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन**

किसानों से मिली जानकारी अनुसार धरमूटोला नहर नाली के जीर्णोधार का कार्य वर्ष 2024 माह अप्रैल से किया जा रहा है। उक्त कार्य कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग राजनांदगांव के द्वारा ठेकेदारी पद्धति से किया जाना है। जिसके अंतर्गत पक्का कांकीटीकरण नाली, चौड़ा मुरूमीकरण मार्ग, सड़क क्रासिंग, पक्का पाईप डालना जैसे अनेक कार्य करना प्रस्तावित था। उक्त सभी कार्य अधूरा होने के कारण एवं बारिश के पानी के लिए सुचारू निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण नहर नाली के आसपास के कृषकों का खड़ा फसल पूरी तरह नष्ट हो गया है। कारण गैन्दाटोला कुमर्दा सड़क मार्ग में लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत पुलिया का निर्माण नहीं कराये जाने से किसानों की सैकड़ों एकड़ की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया है। साथ ही कृषकों को लाखों रूपये की क्षति होने का अनुमान है। जिसको लेकर क्षेत्र के पीड़ित किसानों ने पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू को फसल नुकसान होने की जानकारी दी। श्रीमती साहू, ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन, विपिन यादव, राहुल तिवारी, मनोज अग्रवाल, सूरज शर्मा, रमेश चंद्रवंशी, बेलूराम, मिलाप यादव, राहुल निषाद सहित सैकड़ों किसानों के साथ उचित कार्यवाही एवं क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय किए जाने के लिए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

### स्थल निरीक्षण से खुली पोल

गैंदाटोला कुमर्दा सड़क मार्ग में सैकड़ों किसानों की फसल लगातार बारिश से बर्बाद हो गई। पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू जब किसानों की शिकायत पर स्थल निरीक्षण पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि जल संसाधन एवं लोक निर्माण विभाग के द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्य अधूरा होने से यह स्थिति निर्मित हुई है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है और उनकी सैकड़ो एकड़ फसल इसके चलते बर्बाद हो गई है। इस मामले में दोनों ही विभाग एक दूसरे पर दोषारोपण कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

# मुक्तिधाम जीर्णोधार हेतु उपसमिति का गठन

डोंगरगढ़( दावा)। स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में छीरपानी स्थित मुक्तिधाम समिति की आवश्यक बैठक में मुक्तिधाम जीर्णोधार हेतु किया जा रहे निर्माण हेतु उप समिति का गठन किया गया। निर्माण कार्यों के लिए समाज सेवी गोपाल खेमुका, कैलाश अग्रवाल, पिंटू भाटिया, अनिल अग्रवाल पीनू, चेतन अग्रवाल, मनोज गुप्ता, इंजीनियर सोपान जैन, हनी गुप्ता, वीरेंद्र अग्रवाल, विजय कांगलीवाल, परविंदर सिंह मोंटी, चिंटू नरेड़ी, अजय सिंह ठाकुर, विश्वनाथ यादव, दुर्गा प्रसाद राव, उमा महेश वर्मा व सम्मी भाटिया के नेतृत्व में समिति का गठन किया गया। नियुक्त किए गए सभी सदस्य मुक्तिधाम समिति में चल रहे नवनिर्माण के लिए देखरेख करेंगे। सभी सदस्य मुक्तिधाम जीर्णोधार हेतु किए जा रहे निर्माण संबंधी निर्णय भी ले सकेंगे।

बैठक में समिति की नियमावली तैयार करने उप समिति के गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। समिति की एक नियमावली एवं विधान बनाने प्रबुद्ध जनों से चर्चा करने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किया गया साथ ही मुक्तिधाम के सामने व्यावसायिक परिसर के निर्माण का सुझाव भी विनय बंसल के द्वारा दिया गया। बैठक में विभिन्न सदस्यों ने अपने सुझाव देकर मुक्तिधाम को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सदस्यता अभियान पुन प्रारंभ किए जाने का प्रस्ताव पर भी मोहर लगाई। जिस पर 1 अगस्त से 31 अगस्त तक एक माह के लिए सदस्यता खोले जाने का निर्णय भी लिया गया। कार्य समिति व समिति बनाने का सुझाव सचिव सुनील जैन जैन ने रखा। जिस पर सर्व सम्मति से मोहर लगाई गई। नगर में सभी समाज के अध्यक्ष मुखिया को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।

- बैठक में आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया
- समिति से जुड़ने एक अगस्त से खुलेगी सदस्यता

छीरपानी स्थित मुक्तिधाम समिति का गठन 20 वर्ष पूर्व किया गया था। वर्तमान में समिति में नए गणमान्य सदस्यों को जोड़कर समिति का विस्तार किया गया। बैठक में समिति के आय व्यय का हिसाब भी प्रस्तुत किया गया। साथ ही समिति को प्राप्त दान राशि एवं सदस्यता शुल्क की जानकारी उपस्थित जनों को दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से त्रिलोचन सिंह भाटिया जगन्नाथ अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, परमजीत सिंह, गुरविंदर सिंह भाटिया, हरविंदर सिंह मंगे, द्वारका प्रसाद शर्मा, मनोज गुप्ता, करनैल सिंह भाटिया, दीपचंद अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, डॉ मनीष बघेल, परविंदर सिंह मोंटी, देवेंद्र कुमार साखरे, अजय सिंह ठाकुर, इंजीनियर वह मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी सुरेश चंद जैन, संजीव वशिष्ट, सम्मी भाटिया, अनिल अग्रवाल, एमव्ही दुर्गा प्रसाद राव, जगन्नाथ महोबिया, दविंदर सिंह पिंटू, विजय बिंदल, करमजीत सिंह भाटिया, अमित जैन, उपेंद्र उजवने, अमन ब्रज नामदेव, रितेश सक्सेना, नितिन शर्मा, हनी गुप्ता, काजू अग्रवाल, रमेश समुद्रे, विनय बंसल, नवीन सोनी, प्रफुल्ल चावडा, मनोज दम्मानी, अनिल परमार, दीपक अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, विवेक गुप्ता, चेतन अग्रवाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल समिति के संयोजक कैलाश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गण उपस्थित थे।

मुक्तिधाम में लगातार निर्माण का कार्य प्रारंभ है। जन भावना के अनुरूप किया जा रहे जीर्णोधार के कार्य से शहर के गणमान्य जनों का जन सहयोग एवं समिति के विस्तार में मुक्तिधाम समिति को मदद मिल रही है। निर्माण समिति द्वारा सर्वप्रथम मुक्तिधाम परिसर के भीतर बैठक व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने का कार्य चल रहा है। जिसमें बैठक में ग्रेनाइट का लगाने कार्य द्रुत गति से जारी है। इसके अलावा छत में साफ सफाई झाड़ियां की कटाई रंग रोगन का कार्य भी प्रगति पर है। साथ ही साथ मुक्तिधाम के साइड के नीचे दो नए शव गृह भी बनाए जा रहे हैं। ताकि लोहे का ग्रिल लगाकर कम ईंधन में शव दहन की व्यवस्था हो सके। समाजसेवी व ट्रस्टी अजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में मुक्तिधाम में ही देसी गाय के गोबर से निर्मित छेना कंडा की व्यवस्था भी की गई है। रात्रि में चौकीदार की व्यवस्था भी कर दी गई है।

शीघ्र ही वृक्षारोपण कर मुक्तिधाम को हरा भरा करने एक गार्डन बनाने तथा वहां लगी मूर्तियों के रंगरोगन का कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा मोटरसाइकिल रखने के लिए सीमेंट कंक्रीट करण भी कराया जाएगा। विद्युत व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल की सुविधा भी जल्द ही उपलब्ध होगी। लगातार सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किया जा रहे हैं।

# चिखली पुलिस ने हत्या कर फरार सह आरोपी को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। चिखली पुलिस ने हत्या कर फरार सह आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि रामनगर चिकन शराब पार्टी में सिगरेट मांगने गाली देने पर विवाद हुआ था। इस मामले में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी व अन्य आरोपी पूर्व मे गिरफ्तार किया गया था। वहीं एक आदतन बदमाश अविकल उर्फ गोलू गजभिए फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जाता है कि आरोपी उद्दापन आर्म्स एक्ट, मारपीट संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिनेश साहू निवासी रामनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 28.04.2024 के रात्रि करीबन 9 बजे शंकरपुर में छोटू राधे उर्फ अविनाश और अन्य के द्वारा मेरे भाई महेश छोटू को लड़ाई झगड़ा कर हाथ मुक्का और डण्डा से मारपीट कर किसी धारदार वस्तु से वार करने से सिर व गले में चोट लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गयी है। उक्त आरोपी को आरोपी को शंकरपुर क्षेत्र मे देखे जाने की मुखबीर सूचना पर तत्काल स्टाफ के शंकरपुर क्षेत्र में जाकर घेराबंदी कर आरोपीअविकल उर्फ गोलू गजभिये पिता राधेलाल गजभिये उम्र 28 साल निवासी शंकरपुर चिखली को पकडा गया। पूछताछ पर आरोपी अविकल उर्फ गोलू गजभिये ने घटना मे शामिल होना बताया। पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष ज्युडिशियल रिमाण्ड पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

# बाल गंगाधर तिलक, चंद्रशेखर आजाद की जयंती, बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने किया नमन

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 23 जुलाई मंगलवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं.बाल गंगाधर तिलक, स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती व छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.बिसाहू दास जी महंत की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी सभा आयोजित की गई।



संगोष्ठी सभा का संचालन शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने किया। संगोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए सभा के नेतृत्वकर्ता कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भारत के सपूत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक, क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती व स्वतंत्रतता संग्राम सेनानी स्व. आदरणीय बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि यह हमारे देश के वंदनीय है और हम सब के प्रेरणा स्त्रोत है जो भारत देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई है। महान उपलब्धियां कभी आसानी से नहीं मिलती। अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने शहीद बाल गंगाधर तिलक के योगदानों को याद करते हुए कहा कि सामाजिक स्वप्नदृष्टा के साथ एक शिक्षक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। देश अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर से बंधी हुई थी कांग्रेस और गांधी जी के विचारधारा में चलते हुए इन आदर्श महापुरूष ने अपना बलिदान देकर देश को आजाद कराया था।

युवाओं के मार्गदर्शक हैं चंद्रशेखर आजाद देश की आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, शहीद चंद्रशेखर आजाद ने कहा था कि आजाद हूं और आजाद मरूंगा। यह हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा व स्वतंतत्रता संग्राम सेनानी स्व.बिसाहू दास जी हम कांग्रेस पार्टी से जुड़े है, हम हमेशा इनका स्मरण करते रहे और उनके बलिदान को आने वाली पीढ़ी को बताएं। देश के विकास में कांग्रेस का अहम योगदान है, कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिन्होंने त्याग, और तपस्या की मूर्ति हमारे देश के क्रांतिकारी धरोहरों के जीवन पर संगोष्ठी सभा आयोजित की जाती है। संगोष्ठी सभा को उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, रमेश डाकलिया, मन्ना यादव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, बबलू कसार, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, दुलारी साहू, पूर्णिमा नागदेवे, मोहिनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, शैलेष ठावरे, देवेन्द्र साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# सुदेश देशमुख ने सचिन पायलट से चर्चा की

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर में आयोजित राज्य की लचर कानून-व्यवस्था, अपहरण, लूट-पाट, हत्या तथा विगत दिनों बलौदाबाजार में घटित आगजनी व खाद-बीज की कमी सहित किसान भाईयों के विभिन्न मुद्दों को लेकर विशाल विधानसभा घेराव प्रदर्शन में पूर्व महापौर सुदेश देशमुख शामिल हुए प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री रवीन्द्र चौब, पूर्व मंत्री कवासी लखमा एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से मुलाकात हुई, प्रदर्शन के पश्चात सुदेश देशमुख ने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मुलाकात कर वर्तमान राजनीति परिस्थितियों पर चर्चा की एवं आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सुझाव दिया, साथ में पूर्व पार्षद चन्द्रभान बाजपाई, इंटूक के नेता जय नारायण सिंह, मजदूर कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेन्द्र देवांगन उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षा द्वितीय अवसर के संबंध में बैठक

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड कक्षा द्वितीय अवसर मुख्य परीक्षा आयोजित किया जा रहा है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं 23 जुलाई से 12 अगस्त तक संचालित होगी। इस संबंध में परीक्षा के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी अविनाश ठाकुर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियो की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सुचारु रुप से पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा आयोजन करने कहा है। जिले में 3 परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

- पारदर्शिता पूर्वक सुचारु रूप से परीक्षा संचालित करने के लिए दिए गए निर्देश
- 10वीं एवं 12वीं बोर्ड मुख्य परीक्षा द्वितीय अवसर

तीनों परीक्षा केद्रों के केंद्राध्यक्षों व जिला उड़नदस्ता को परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक में सभी केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा से संबंधी सभी व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें।

साथ ही सभी केंद्राध्यक्षों को विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत परीक्षा में उपस्थिति सुनिश्चित कराने निर्देशित किया गया है। जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में परीक्षा संचालन हेतु तीन परीक्षा केन्द्र सेजेस मोहला, सेजेस मानपुर एवं सेजेस अं.चौकी बनाया गया है। जिले में तीन परीक्षा केन्द्रों में कक्षा दसवीं के 192 छात्र-छात्राएं एवं 12वीं में 249 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। यह परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 9:00 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित किया जायेगा। परीक्षा में परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होंगे। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एफ.आर.कोसरिया, जिला समन्वयक टी.आर. कारटे, परीक्षा प्रभारी के.के. आनेन्द्र, केन्द्राध्यक्ष सईद कुरैशी, श्रीमति रेणुका देशमुख, आर.बी. सिंह उपस्थित थे।

# एक पौधा मां के नाम के तहत पौधरोपण किया भाजपा नेताओं ने

डोंगरगढ़ (दावा)। सावन मास के प्रारंभ होते ही पहले सोमवार को भगवान भोलेनाथ जी की पूजा अर्चना के बाद देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान को आत्मसात करते हुए एक पेड़ मां के नाम के तहत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र बन्नो आना, पुर्व विधायक विनोद खांडेकर, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, चौरड़िया अंकल, सुनिल जैन, मंडल अध्यक्ष अमित जैन महामंत्री राकेश अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया।

# रामलला दर्शन, अयोध्या धाम के लिए जिले के 25 नागरिक रवाना हुए

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्त्वकांक्षी योजना श्री रामलला दर्शन यात्रा, अयोध्या धाम के लिए जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी से द्वितीय चरण में 25 तीर्थ यात्रियों का दल आज रवाना हुए। सभी तीर्थयात्री एक साथ दुर्ग रेलवे स्टेशन से अन्य तीर्थ यात्रियों के साथ अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे।

तीर्थ यात्रियों का यह दल अयोध्या धाम पहुंचकर श्री रामलला का दर्शन करेंगे। यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों को निःशुल्क भोजन एवं अन्य सुविधा मुहैया कराया जाएगा।

# कलेक्टर ने ली जिलाधिकारियों की समय सीमा की बैठक

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारियों की समयसीमा बैठक लेकर विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी जिम्मेदारीपूर्वक योजनाओं का क्रियान्वयन करें।

कलेक्टर ने अधिकारियों को पात्र लोगों को योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं। सभी अधिकारीयों को विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने बैठक में विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं।



योजनाओं के क्रियान्वयन, लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई

बैठक में कलेक्टर जन दर्शन, लोक सेवा गारंटी, पीजीएन पोर्टल एवं अन्य माध्यम से प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों, विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने लंबित कार्यों के धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए लंबित कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रेषित करने कहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए स्कूली बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति सहज समझ पैदा करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने कहा है। स्वच्छता व बच्चों को हाथ धुलाई के महत्व से भली भांति अवगत कराने के लिए कार्यक्रम करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से स्कूली बच्चों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। जाति प्रमाण पत्र से वंचित सभी विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बिना किसी परेशानी के बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार के लिए सतर्क रहने कहा है। सिकल सेल, बीमारी की रोकथाम एवं बचाव के लिए सभी स्कूलों, कॉलेजों में सिकल सेल जांच शिविर लगाने के लिए शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा विभाग को संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने किसानों की मांग के अनुसार खाद वितरण करने एवं केसीसी लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं।

# विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प

डोंगरगढ़(दावा)। विकासखंड के ग्राम मुसरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर विद्यार्थियों द्वारा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस दौरान नीम, पीपल, शीशम सहित छायादार पौधे रोपे गए। इस अवसर पर अध्यक्ष योगदास साहू, होमलाल वर्मा, प्रभारी प्रधानाचार्य सुनील कुमार पटेल, भागवत पटेल, भुखन वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, अखिलेश वैष्णव, कुशल वर्मा, मानिक पटेल, पारथ बंजारे, तामेश्वर पटेल, विद्या वैष्णव, संतोषी विश्वकर्मा, प्रतिभा पटेल, रूखमणी बंजारे, भानेश्वरी उईके, डोमेश्वरी पैकरा, उमेश्वरी पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

# वंदे भारत को जबलपुर से रायपुर चलाने की मांग ने जोर पकड़ा

डोंगरगढ़(दावा)। जिले वासियों को जब से रेलवे द्वारा वंदे भारत एक्सप्रेस के जबलपुर से रायपुर होते हुए दुर्ग चलाने की जानकारी मिली है। तब से वंदे भारत एक्सप्रेस को गोंदिया होते हुए रायपुर चलाने की मांग तेज हुई है। ताकि इसका लाभ राजनांदगांव और डोंगरगढ़ की जनता के अलावा डोंगरगढ़ में आने वाले पर्यटकों को भी मिले। प्राप्त जानकारी के अनुसार,जबलपुर से रायपुर वंदे भारत एक्सप्रेस की संभावना गुगल में दर्शित एक समाचार 9 जुलाई के अनुसार रेलवे शीघ्र ही जबलपुर से रायपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन करने जा रही है।

इस प्रस्तावित ट्रेन का रुट स्पष्ट नहीं किया गया है। धर्म नगरी डोंगरगढ़ में करोड़ों रुपए के प्रसाद योजना की सौगात देने वाले सांसद संतोष पांडे से क्षेत्र वासियों द्वारा अपेक्षा की गई है कि वे बजट सत्र में जबलपुर से रायपुर के लिए प्रस्तावित वंदे भारत एक्सप्रेस को संसदीय क्षेत्र से होकर ले जाने की मांग करे। ताकि संसदीय क्षेत्र की जनता और यहां आने वाले लाखों पर्यटकों को सुविधा मिल सके। ये विडंबना है कि जब भी नई ट्रेन का संचालन किया जाता है तो वो दुर्ग से या गोंदिया से किया जाता है, इससे दुर्ग और गोंदिया के बीच की जनता को रेल का लाभ नहीं मिल पाता है। आज भी राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और आमगांव क्षेत्र की जनता को जबलपुर जाने के लिए दुर्ग या गोंदिया स्टेशन जाना पड़ता है,

अत- उचित होगा कि प्रस्तावित वंदे भारत एसप्रेस को जबलपुर से रायपुर के बीच 1 वीआईए नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव एवं दुर्ग होकर चलाया जाए। जबलपुर से रायपुर 1वीआईए गोंदिया की दूरी लगभग 410 कि.मी. है, जो कि 1वीआईए कटनी, बिलासपुर की तुलना में लगभग 105 कि.मी. कम है। इस प्रस्तावित वंदे भारत एसप्रेस को जबलपुर से रायपुर 1 वीआईए नैनपुर, गोंदिया एवं दुर्ग होकर और इसका स्टॉपेज नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, डोंगरगढ़,



- सभी रूटों की ट्रेनों का स्टॉपेज होने से डोंगरगढ़ आने वाले पर्यटकों को मिलेगी सुविधा
- डोंगरगढ़ का नाम उभरते हुए पर्यटन केंद्र के रूप में देश के मानचित्र में हुआ अंकित
- प्रसाद योजना के तहत पर्यटकों के मनोरंजन के लिए करोड़ों के निर्माण कार्य अंतिम चरण में

राजनांदगांव एवं दुर्ग में देते हुए, चलाने के लिए आम नागरिक तथा राजनैतिक दलों को विशेष प्रयास करना चाहिए। सुविधा के मामले में रेल अधिकारियों के उपेक्षा का शिकार बना है जिला राजनांदगांव - बॉम्बे हावड़ा रेल मार्ग के मध्य स्थित सर्व धर्म की नगरी डोंगरगढ़ में प्रतिदिन हजारों की संख्या में आने वाले पर्यटको से रेलवे को प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए की आय होती है। यहां स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बमलेश्वरी धाम जहां वर्ष में दो मर्तबा नवरात्र पर्व के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन होता है। जिसमें लाखों की संख्या में प्रतिदिन भक्तगण माता के दर्शन लाभ लेने आते हैं। यहां स्तिथ विश्व प्रसिद्ध चाद्रगिरि तीर्थ स्थल जिसे समाधिलीन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद व संरक्षण में प्रारंभ किया गया था।

विशाल जैन धर्मस्थल का निर्माण अंतिम चरण में है। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में देश विदेश से भक्त गण समाधि लीन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के दर्शन लाभ लेने आते हैं। इसी प्रकार अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन के लिए प्रसिद्ध प्रज्ञा गिरी स्थित पर्वत पर बौद्ध अनुयायियों द्वारा तथागत गौतम बुद्ध की 25 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है जहां प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन होता है। आयोजन में शामिल होने देश-विदेश से लाखों की संख्या में अनुयाई डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। बड़ी संख्या में निवासरत क्रिश्चियन समाज के अनुयायियों द्वारा कलवारी पहाड़ी पर प्रतिवर्ष दो मर्तबा विशाल धर्म मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें लाखों की संख्या में देश के कोने-कोने से सामाजिक गण डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। इसके अलावा सतनाम धर्म को मानने वाले अनुयायियों द्वारा रावटी पहाड़ी पर प्रतिवर्ष धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। सिख समाज की बहुलता वाले डोंगरगढ़ को मिनी पंजाब के रूप में भी जाना जाता है। सामाजिक गणों की ओर से समय-समय पर बड़े आयोजन होते रहते हैं। जिसमें देश के कोने-कोने से सामाजिक गण डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। किंतु रेल प्रशासन द्वारा डोंगरगढ़ रेलवे को यात्रियों की सुविधा के नाम से कुछ देने के स्थान पर पूर्व में दी जा रही सुविधाओं को भी गोंदिया और दुर्ग की ओर स्थानांतरित किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर धर्म नगरी में आने वाले पर्यटकों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।यदि उन्हें रेल मार्ग से पर्याप्त सुविधा रेलवे द्वारा दी जाएगी तो जहां रेलवे को आर्थिक लाभ होगा वही पर्यटकों को सुविधा मिलेगी और पर्यटकों की संख्या निरंतर बढ़ेगी।

## प्रथम पेज का शेष

***मंत्री-विपक्षी सांसदों में..***

विपक्षी सांसद भी उसी अंदाज में मुखर होकर वेल में आने लगे। देश के लिए शहीद हुए मेरे दादाः बिट्टू- भाषण के दौरान चन्नी ने भाजपा सरकार की नीतियों की तुलना अंग्रेजों से की और बिट्टू की वफादारी पर कटाक्ष किए तो तकरार बढ़ने लगी। टोका-टाकी से असहज चन्नी ने बिट्टू से कहा कि आपके दादा (सरदार बेअंत सिंह) उस दिन शहीद नहीं हुए बल्कि उस दिन मरे जिस दिन आपने कांग्रेस छोड़ी। इससे आग बबूला हुए बिट्टू ने कहा कि उनके दादा देश के लिए शहीद हुए, कांग्रेस के लिए नहीं। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष और लुधियाना के सांसद अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने बिट्टू को चुनौती देते हुए कहा कि चुनाव में वे उनको हरा चुके हैं और यहां भी शिकस्त देंगे। पंजाब से कांग्रेस के तमाम कांग्रेस सांसदों के अलावा पार्टी के दर्जनभर अन्य सांसद भी वेल में पहुंच गए। राजनाथ सिंह ने की भाषणों को रिकॉर्ड से हटाने की मांग- कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने दो बजे सदन शुरू होते ही मंत्री बिट्टू की चन्नी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों का मामला उठाते हुए कहा कि यह बेहद आपत्तिजनक है कि मंत्री ने एक सांसद पर हमले का प्रयास किया। उन्होंने बिट्टू से माफी तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। राजनाथ सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि दोनों पक्षों की ओर से दिए गए कटु भाषणों को रिकॉर्ड से हटा दिया जाए। स्पीकर ने सांसदों को दी नसीहत - बिरला ने कहा कि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों वेल में की लाइन से बाहर न जाएं, यह सुनिश्चित करें और मंत्री तो विशेष रूप से मर्यादा और गरिमा का ध्यान रखें। सदन की गरिमा को कम न करें। चन्नी ने फिर अपना भाषण पूरा करना शुरू किया तो किसानों के मुद्दे पर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से उनकी नोकझोंक हुई। गोयल ने चन्नी पर किसानों के मामले में गुमराह करने का आरोप लगाया और प्रमाण देने की मांग की।

नियमों तक जा पहुंची बात- स्पीकर ने भी चन्नी से उनकी बातों का प्रमाण देने के लिए कहा तब तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंधोपाध्याय ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि प्रमाण देने की परिपाटी राज्यसभा में है, लोकसभा में नहीं। इस पर भी पक्ष-विपक्ष के बीच हंगामा हुआ और चन्नी को अपना भाषण खत्म करना पड़ा।

बिट्टू ने चन्नी पर लगाया देशद्रोही की तरह व्यवहार करने का आरोप- मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर लोकसभा में एक देशद्रोही की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया। बिट्टू ने कहा कि चन्नी ने सदन के माध्यम से पूरी दुनिया को गुमराह करने की कोशिश की। बिट्टू के अनुसार, चन्नी ने सदन में कहा कि सरकार ने किसानों पर एनएसए लगाया है, जो सरासर झूठ है। हकीकत यह है कि एनएसए के तहत सिर्फ उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है, जो पंजाब और देश को तोड़ना चाहते हैं। बिट्टू के मुताबिक, जब उन्होंने चन्नी से उन किसान नेताओं के नाम बताने की चुनौती दी, जिन पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई है तो वे बैकफुट पर आ गए और उनके पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने कहा कि चन्नी के कारण पूरी कांग्रेस पार्टी और आईएनडीआईए को सदन में शर्मसार होना पड़ा।

***बजट में कटौती कर शिक्षा व्यवस्था ..***

विश्वविद्यालयों को नियंत्रित करना, स्वायत्त संस्थानों के धन को गला घोंटना, उनकी स्वायत्तता को कम करना, सार्वजनिक शिक्षा को नष्ट करना और युवाओं को धोखा देने के रूप में हमला लगातार जारी है!÷ मोदी सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिसमें बुनियादी शिक्षा, उच्च शिक्षा और रोजगार सृजन पर फोकस किया गया है।

स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को सर्वाधिक 73,498 करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है। उच्च शिक्षा विभाग को 47,619.77 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह पिछले वर्ष की तुलना में 3,525.15 करोड़ रुपए (7.99 प्रतिशत) की वृद्धि को दर्शाता है। वहीं एक करोड़ युवाओं को मासिक भत्ते के साथ इंटर्नशिप प्रदान करने की योजना शुरू करने का ऐलान किया गया है।

***खनिजों पर टैक्स के मामले में...***

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने बहुमत के फैसले से असहमति जताते हुए अलग से फैसला दिया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के दो विभिन्न मतों के फैसले होने के कारण नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने मामले पर विचार किया था। 80 से ज्यादा याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में थीं लंबित - सात न्यायाधीशों की पीठ ने 1989 में इंडिया सीमेंट के मामले में कहा था कि रॉयल्टी एक टैक्स है और खदान और खनिज एक्ट में केंद्र सरकार को प्राथमिक अधिकार है और राज्य इस एक्ट में रॉयल्टी एकत्र कर सकते हैं लेकिन खदान और खनिज पर अलग से कर या उप कर नहीं लगा सकते। जबकि 2004 में पांच जजों की पीठ ने पश्चिम बंगाल बनाम केसोराम इंडस्ट्री के मामले में दिए फैसले में कहा था कि रॉयल्टी टैक्स नहीं है। दो विरोधी फैसलों के बाद इस मामले में 80 से ज्यादा याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित थीं। आठ दिन चली लंबी सुनवाई में केंद्र सरकार, खदान कंपनियों और सार्वजनिक उपक्रमों की दलील थी कि खदान और खनिज एक्ट के तहत सिर्फ संसद को टैक्स लगाने का अधिकार है। जबकि राज्यों विशेषकर झारखंड, उड़ीसा और असम राज्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी की दलील थी कि राज्यों को भी खनिज और खदान भूमि पर कर लगाने का अधिकार है।

अभी भी फंसा है पेच- मामले में अभी एक पेच फंसा है कि सुप्रीम कोर्ट का गुरुवार का फैसला, फैसले की तारीख से लागू माना जाएगा या पूर्व तिथि से लागू माना जाएगा। फैसला सुनाए जाने के बाद राज्यों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कोर्ट से इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा। पहले तो मुख्य न्यायाधीश ने इसके फैसले के दिन से लागू होने की बात कही। लेकिन मामला उलझ गया क्योंकि राज्यों की ओर से पेश वकील ने कहा कि इसे पूर्व तिथि से लागू होना चाहिए क्योंकि राज्य अपेन इस अधिकार के लिए पहले से लड़ रहा है। केंद्र की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि फैसला बाद से ही लागू होना चाहिए। आखिरकार कोर्ट ने कहा कि वह इस मुद्दे पर बुधवार को सुनवाई करके निर्णय देगा।

***छत्तीसगढ़ में एनआईए की दस्तक ...***

मोबाइल फोन जब्त अपने साथ ले गई है। कलादास डहरिया रेला नाम का जनवादी सांस्कृतिक संगठन (एनजीओं) चलाते हैं। यह एनजीओ किसान, आदिवासी और मजदूरों के संगठन के लिए काम करता है। इसके लिए इसे देश भर से फंडिंग मिलती है। एनआईए की टीम आज सुबह 5.30 बजे 4-5 गाड़ियों में कलादास डहरिया के घर पहुंचकर छापामारी कार्यवाही की गई। कार्रवाई को लेकर कलादास डहरिया ने बताया है कि एनआईए ने उनसे नक्सली संपर्क को लेकर सवाल-जवाब किए हैंऔर मेरे मोबाइल में कई लोगों के पास मेरा मोबाइल नंबर हैं। ऐसे में ये नक्सलियों से सांठगांठ की शंका गलत है। हमारे द्वारा लगातार सरकार के खिलाफ मजदूर और किसानों के हित के लड़ाई लड़ते हैं। जिससे सरकार को बर्दाश्त नहीं और हमारी आवाजों को दबाने का काम किया जा रहा है। वहीं कलादास डहरिया को एक अगस्त को पुछताछ के लिए रांची झारखंड दफ्तर पर उपस्थित होने को कहा है।

***विधानसभा में गूंजा दवा और उपकरण...***

धरमलाल कौशिक ने कहा- मीनाक्षी गौतम सीजीएमएससी में महाप्रबंधक वित्त के पद पर थी. क्या इनके विरुद्ध शिकायत हुई थी जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विभाग को मीनाक्षी गौतम के विरुद्ध कोई शिकायत प्राप्त नहीं है, धरमलाल कौशिक ने पूछा कि- ट्यूब की खरीदी किस दर पर की गई थी. जिसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सौ ट्यूब के एक बंडल 2352 रुपये में ख़रीदी बताई गई थी. अन्य संस्थानों में 8 रुपये 50 पैसे की दर थी. मोक्षित कॉर्पोरेशन से 100 रुपये की दर पर खरीदी की गई। धरमलाल कौशिक ने आगे सवाल किया कि सिविल सर्जन रायगढ़ ने 2.15 पैसे में खरीदा था, सरगुजा में लगभग इसी दर पर खरीदी की थी।

उन्होंने पूछा कि डी डाइमर 2022 में किस दर पर खरीदी गई थी? इस सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सीजीएमएससी द्वारा सैकड़ों प्रकार के आइटम की खरीदी होती है. स्पेसिफिक बता पाना मुश्किल है। धरमलाल कौशिक ने कहा- सीजीएमएससी ने 10 लाख 95 हजार में खरीदा है. आज की कीमत ऑनलाइन पांच लाख रुपये है, यानी डबल दर पर खरीदी की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जैसे मोबाइल है एप्पल, इसके कई वेरिएंट होते हैं. वेरिएंट के हिसाब से उसकी दर तय होती है. इसी तरह अलग-अलग वेरिएंट की खरीदी उसके स्पेसिफ़िकेशन के आधार पर खरीदी होती है. जेम पोर्टल पर दिखाए जाने वाले स्पेसिफिकेशन और क्वालिटी में अंतर होता है, गुण-दोष का अंतर है।

धरमलाल कौशिक ने कहा कि गुण दोष का अंतर नहीं है, यहां कमीशन का मसला है, कौशिक ने पूछा- इस मामले की जांच के लिये एक कमेटी बनाई गई थी, क्या जांच रिपोर्ट आ गई? श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पिछली सरकार में दवा खरीदी और उपकरण खरीदी में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई थी, साय सरकार आने के बाद इन मामलों की जांच के लिये एक कमेटी बनाई गई है. जांच व्यापक है. इसलिए समय लगेगा. धरमलाल कौशिक ने पूछा कि इस मामले की क्या उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी? जिसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि तीन महीने के भीतर इसकी जांच कराई जाएगी।

# गोल्ड मेडलिस्ट भ्राता शीतलेश पटेल का ब्रह्माकुमारीज द्वारा किया गया सम्मान

**राजनांदगांव (दावा)। कजाकिस्तान में 15 जुलाई से 19 जुलाई तक आयोजित 11वी विश्व स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले राजनांदगांव के सपूत शीतलेश कुमार पटेल जिन्होंने इस प्रतियोगिता को जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया।**

उनका आज राजनांदगांव आगमन पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया। भ्राता शीतलेश जी विजय श्री हासिल कर दिल्ली से गोंडवाना एक्सप्रेस से राजनांदगांव पहुंचे स्टेशन से सीधे बैंड बाजा के साथ लालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज आश्रम पहुंचे जहां उनका सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया था। इस अवसर पर उपस्थित सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने उनका तिलक लगाकर साल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया। दीदी जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि शीतलेश भाई ने कजाकिस्तान में विजयश्री हासिल कर विश्व में भारत का नाम रोशन किया है यह हम सभी राजनांदगांव वासियों के लिए अत्यंत गौरव की बात है। इसके बाद भ्राता शीतलेश जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मैं राजयोग का अभ्यास करता हूं इसलिए परमपिता परमात्मा शिव के असीम कृपा से ये विजय श्री हासिल हुई है।

साथ ही पुष्पा दीदी जी का आशीर्वाद आश्रम में रहने वाली ब्रह्माकुमारी बहनों एवं भाईयों की शुभभावनावो का ये प्रतिफल है। इसके लिए मैं इन सबका धन्यवाद करता हूं। साथ ही मेरे शिक्षकों का जिन्होंने मेरे लिए कड़ी मेहनत की है उनका भी धन्यवाद है।

इस अवसर पर शीतलेश भाई के कोच भ्राता अमित अजवानी, दक्ष्री राजहरा से पधारे भ्राता हरिनाथ जी, रामेश्वर जी, मनीष गौतम सहित उनके अनेक साथीगण उपस्थित थे। साथ ही ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन , रंभा बहन , चंदा बहन, सुनंदा बहन, पूजा बहन ही, माहेश्वरी बहन, लोकिता बहन, ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी भाई, अर्जुन भाई, दयाराम भाई , मुकेश भाई, हिंदू जागरण मंच के संयोजक भ्राता आदर्श राजपूत सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। ब्रह्माकुमार झालम भाई ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा भ्राता रामेश्वर जी ने आभार प्रदर्शन किया।

# दुर्गा मंदिर प्रांगण करमरी में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम करमरी में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 21 जुलाई रविवार को समस्त शिष्य परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें सदगुरू पंडित कामता प्रसाद तिवारी का पद प्रक्षालन, गुरु वंदना व पूजा अर्चना करमरी सहित आसपास के शिष्य परिवार द्वारा किया गया. इस दौरान श्री गुरुचरण मानस परिवार बालाजी धाम कन्याडबरी से टीकम साहू व्दारा गुरु महिमा पर व्याख्यान दिया और श्री साहू जी द्वारा भजन सुनाया गया. अंत में गुरु आरती एवम् महाप्रसादी वितरण हुआ.

# सक्रिय माताओं के बीच विविध गतिविधियों का आयोजन

**डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम चांदो शासकीय प्राथमिक शाला में मंगलवार को शिक्षा सप्ताह के दूसरे दिन एफएलएन दिवस के मौके पर सक्रिय माताओं के बीच विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया.**

एफएलएन में स्मार्ट टीव्ही तथा सम्पर्क डिवाइस का योगदान, अभ्यास पुस्तिका का उपयोग, डिकोडिंग का प्रदर्शन, ई जादुई पिटारा का इस्तेमाल करना, आईव्हीआरएस का प्रयोग, तेज सीखने के लिए समुदाय व माताओं योगदान एवं सेल्फी विथ सक्सेस कमाल का बखूबी प्रस्तुतिकरण किया गया. आज के कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को एफएलएन में महत्वपूर्ण योगदान व सीखने में बेहतर डिजिटल उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया गया. इसी तरह उल्लास कार्यक्रम में असाक्षरों को प्रोत्साहन करने एवं सीखने-सिखाने के सुगम वातावरण निर्माण के भी उचित सहयोग व मार्गदर्शन किया गया. इसके साथ ही अंगना में शिक्षा के अंतर्गत खेल-खेल में शिक्षा हेतु स्मार्ट माताओं का उन्मुखीकरण कर सम्मान किया गया. कार्यक्रम में ब्लॉक कोर कमेटी के सदस्य दीपमाला साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला मुंजालपाथरी व धनेश्वरी विनायक शिक्षिका पूर्व माध्यमिक शाला कोलिहालमती व प्रधानपाठक उपस्थित रहे.

# इंस्पायर इंटर्नशिप साइंस कैंप प्रोग्राम में 8 बच्चों का चयन

**डोंगरगांव (दावा)। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव के 8 बच्चों का चयन कलिंगा यूनिवर्सिटी कोटनी, नवा रायपुर में 05 दिनों के नि:शुल्क इंस्पायर इंटर्नशिप साइंस कैंप प्रोग्राम के लिए हुआ है. विद्यालय के प्राचार्य भरतलाल देवांगन ने बताया कि यह कैंप 22 से 26 जुलाई तक होगा.**

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार ऐसे बच्चे जिन्होंने 10 वीं बोर्ड में टॉप 1 प्रतिशत में जगह बनाई है जिनका 10 वीं में 89.40प्रतिशत से अधिक प्रतिशत प्राप्त किए है, वे सभी इस प्रोग्राम के लिए पात्र हैं. इस कैंप का उद्देश्य युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है. यह कैंप प्रतिभाशाली छात्रों को प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगा जिससे उनकी ज्ञानवर्धन और प्रेरणा का स्तर बढ़ेगा. इस कैंप के दौरान विभिन्न कार्यशालाओं, प्रयोगशालाओं और परियोजना कार्यों का आयोजन किया जाएगा.

विद्यालय के 11वीं विज्ञान संकाय से लुकिता साहू, तनवीर कुमार नायक, रीतू साहू, खुशी देवांगन, नोविषा ठाकुर, ईशा निषाद, समीक्षा महानंद, युवराज साहू को 5 दिवसीय साइंस इंस्पायर इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए भेजा गया है. सभी चयनित बच्चों को विद्यालय के प्राचार्य भरतलाल देवांगन और संस्था से इंस्पायर अवार्ड प्रभारी संदीप वर्मा ने शुभकामनाएं है.

# यादव समाज ने खेली में मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व

राजनांदगांव (दावा)। समीप ग्राम खेली मे यादव समाज के संयोजन में गुरु पूर्णिमा मनाए जाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में सभी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं का गुरु रूप में सम्मान किया गया जिसमे विशेष रूप से ग्राम मनकी तोरणकटा, सुंदरा, खैरा, खेली सभी जगह के यादव बंधुजन उपस्थित थे। आयोजन पश्चात समाज द्वारा नए पंच सरपंच का भी चुनाव किया गया।

चुनाव में ग्राम खेली कुशल यादव को पुनः सरपंच बनाया गया एवं सुंदरा से संतोष यादव को पंच तथा तोरणकटा से पुरुषोत्तम यादव एवं मनकी से नारायण यादव व खैरा से कार्तिक यादव नए पदाधिकारी चुने गए। इस अवसर पर चुने हुए सभी पदाधिकारियों को सिंगदड़ सर्कल के उपाध्यक्ष पवन यादव, गोवर्धन यादव एवं उपस्थित सभी यादव जनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बघेरा में मनाया गया टीएलएम दिवस

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 4 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे भारत देश में दिनांक 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर दिनांक 22 जुलाई 2024 को टीएलएम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

इस कड़ी में ग्राम बघेरा के पूर्व माध्यमिक शाला में भी टीएलएम दिवस का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय सामग्रियों का उपयोग कर टीएलएम निर्माण कर कक्षा में प्रस्तुतीकरण किया गया । इसमें हिंदी, संस्कृत, गणित एवं विज्ञान विषय के मॉडल एवं प्रायोगिक कार्य करवाए गए इस शिक्षा सप्ताह का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जन-जन तक पहुंचाना है।

इस अवसर पर विज्ञान विषय की शिक्षिका श्रीमती मधुलिका विश्वकर्मा गणित शिक्षिका श्रीमती प्रीति शर्मा एवं हिंदी संस्कृत की शिक्षा कुमारी सुनीता ठाकुर ने छात्रों द्वारा टीएलएम का निर्माण करवाया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्रीमती वायलेट सैमुएल, संकुल शैक्षिक समन्वय श्री गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी, प्रधान पाठक से तुक दास मंडले एवं शिक्षक संजीव जांगड़े उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकलसेल जाँच शिविर का आयोजन

**डोंगरगढ़ (दावा)। स्वास्थ्य विभाग डोंगरगढ़ द्वारा सिकलसेल जाँच शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को बीमारी के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उपचार के संबंध में बताया गया। हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारी कर्मचारियों ने शहर के केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, खालसा पब्लिक स्कूल, सेंट पैलोटी, संस्कार पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदीर सेंट पीटर कन्वेंट स्कूल में सिकल सेल प्रोग्राम के तहत शिविर आयोजित किया गया।**

- सिकलसेल ( एनमिया रोग ) की पहचान जरूरी - डॉ. एक्का
- स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकलसेल जाँच शिविर का आयोजन
- शहर के सभी विद्यालयों में जाँच शिविर आयोजित

शिविर में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को बीमारी के लक्षण की जानकारी देते हुए बीमारी से निदान की जानकारी दी गई। सिकल सेल से के लक्षण के बारे में बताया गया कि, सिकल सेल को एनीमिया रोग भी कहा जाता है। यह एक प्रकार का रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं सी शेप, अर्ध चंद्राकार या सिकेल सेल में बदल जाती है। सिकल सेल (एनमिया) के निम्न प्रमुख लक्षण पाए जाते है जैसे कि खून की कमी होना, मौसम बदलने पर बीमार होना, थकावट व सांस फूलना, बार बार बुखार आना, सर्दी खाँसी होना सहित हाथ पैरो तथा जोड़ो में सूजन होना। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि सिकल सेल प्रोग्राम के तहत 0 से 40 साल तक के सभी लोगों का टेस्ट किया जाना है, वहीं अब तक 107192 सिकल सेल टेस्ट किये जा चुके है जिसमें 77 लोग पाजेटीव रहे जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिफर कर इलाज जारी है।

# हायर सेकेण्डरी स्कूल महरूम मनाया गया व्यास पूर्णिमा

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महरूम विकासखंड छुरिया में 22 जुलाई सोमवार को गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम आयोजन किया गया. इसमें बच्चों के द्वारा गुरु के संदर्भ में अपनी बातें बताई गई एवं प्राचार्य बृजभान कुमार सिन्हा द्वारा शिक्षक गुरु शिष्य परंपरा के संबंध में सारगर्भित उद्बोधन दिया गया.

साथ ही व्याख्याता दाताराम निषाद ने गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत आरुणि एवं धौम्य ऋ षि और एकलव्य-द्रोणाचार्य की गुरु शिष्य परंपरा संबंधित बातें बताई. इस दौरान व्याख्याता एस.के.सोनसारवां ने बताया कि वेदव्यास की जन्मोत्सव को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है. गौतम सिंह साहू के द्वारा परशुराम एवं कर्ण के गुरु शिष्य परंपरा के विषय में सारगर्भित उद्बोधन दिया गया. मंच का सफल संचालन व्याख्याता बसंत कुमार गुप्ता द्वारा किया गया. उपरोक्त कार्यक्रम में व्याख्याता कृति बांबेश्वर, स्वाति जैन, कुमारी माहेश्वरी कोठारी, व्याख्याता क्षत्रपाल दुबे, शिखा श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार ठाकुर, लता गोआर्य, रेखचंद देवांगन, शिक्षक सतीश सिंह ठाकुर, मुकेश सिंह साहू, सहायक ग्रेड छबूलाल साहू, राकेश कुमार देवांगन एवं आनंद डोंगरे सभी ने गुरु पूर्णिमा की कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया.

# विधानसभा का घेराव करके कुंभकरण नींद में सोई भाजपा सरकार को उनके शपथ की याद दिलवाना हैं- मदन साहू

**राजनांदगांव (दावा)। जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव के अध्यक्ष मदन साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ प्रदेश में सरकार चलाने में पुरी तरीके से असफल हो चुकी है।**

भाजपा सरकार के मंत्री सरकार बनाने के समय लिए गए अपने संविधानिक उतर दायित्व के सपथ को पुरा करने में पुरी तरह विफल रहें प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं बची है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं बलौदा बाजार में हुई घटना, चंद असामाजिक तत्व प्रदेश के कानून के रखवाले कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय को दीन दहाड़े आग के हवाले कर देते हैं और यह भाजपा सरकार मूकदर्शक बन कर उस घटना को देखते रहती हैं, प्रदेश की राजधानी रायपुर में रोज दिन दहाड़े लुट, चोरी, हत्या, बलात्कार की घटना,सरकार के नुमनदायियो के सामने हो रही हैं पर यह प्रदेश की भाजपा सरकार इसे रोककर जनता को न्याय दिलाने प्रदेश में सुख शांति लाने में पुरी तरीके से विफल हो गई है।

आज प्रदेश की जनता का जान, माल, इज्जत प्रतिष्ठा पुरी तरीके से असुरक्षित हो गई हैं जिसके कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी को सरकार को उसकी कुभ करणी नीद से जगाने और प्रदेश की जनता के प्रति जवाबदेही बनाने के लिए दिनांक 24 जुलाई दिन बुधवार समय दोपहर 12 विधानसभा घेराव करने का निर्णय करना पड़ा, जिसका छत्तीसगढ़ प्रदेश की दो करोड़ जनता ने स्वागत किया हैं।

जिला किसान कांग्रेस राजनंदगांव किसानों से अनुरोध करती हैं कि दिनांक 24 जुलाई दिन बुधवार समय दोपहर 12 स्थान मंडी गेट पंडरी रायपुर में होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होकर जय जवान,जय किसान के दायित्व का निर्वाह करते हुए प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बहाल करवाने के लिए किए गए विधानसभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# पत्नी को रस्सी से गला घोट कर फांसी में चढ़ाने पर आजीवन कारावास

**बीजापुर (दावा)। आरोपी संदीप वर्मा पिता ओमकार वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बिजापुर के द्वारा अपनी पत्नी को दिनांक 11 मार्च 2023 को रात्रि करीबन 12.30 से 1.00 बजे के मध्य घर के सभी सदस्य जस झांकी देखने गये थे तभी आरोपी एवं उसकी पत्नी घर में थी, घर के सदस्यगण रात्रि 1.00 बजे आया तब मृतिका मीना बाई की चार माह का पुत्र रो रहा था तभी मृतिका की जेठानी बच्चे का रोने का आवाज सुनकर मृतिका के कमरे में गयी वहा मृतिका नही थी तब किचन में जाकर देखा तो मृतिका मीना बाई बास के काड में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था।**

आरोपी ने फंदे से नीचे उतार कर वही सुला दिया और फंदे से लगे हुए रस्सी को छुपा दिया और सुबह मोहारा थाना में सूचना दिया कि मृतिका मीना बाई गम्छे में फांसी लगाकर मृत हो गया है जिसे मैं फंदे से नीचे उतारा हूँ। पुलिस थाना मोहारा द्वारा उक्त घटना का 0/2023 में कायमी कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी से जाँच कराकर शार्ट पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त होने पर डॉक्टर द्वारा रिपोर्ट में होमोसाईड मृत्तिका का मृत्यु होना पाया, सास रूकने का कारण गला घोटना बताया।

आरोपी से पुछताछ के दौरान आरोपी द्वारा मृतिका को नायलोन की रस्सी से गला घोटना स्वीकार कर रस्सी को जप्त कराया गया, आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य सबुत पाये जाने पर आरोपी को दिनांक 11 मार्च 2023 को गिरफ्तार कर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र क्रमांक 229/2023 दिनांक 30 मई 2023 को चालान तैयार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्ग-1 डोंगरगढ़ के न्यायालय में पुलिस चौकी मोहारा द्वारा पेश किया गया।

प्रकरण उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश अनिष दुबे द्वारा अभियोजन के 12 गवाहों के साक्ष्य उपरांत दिनांक 23 जुलाई को धारा 302 में आजीवन कारावास तथा 1000 रूपये जुर्माना अर्थदण्ड, साक्ष्य छुपाने के लिए धारा 201 में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया, दोनों दण्ड के साथ-साथ रहेगा, दण्ड की राशि नही जमा करने पर 1 माह एवं 15 दिन का अतिरिक्त सश्रम कारावास से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अशोक लिल्हारे के द्वारा पैरवी की गई।

# श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

## लखोली स्कूल में दिखी गुरु भक्ति

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार 22 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लखोली ग्राम में सावन के प्रथम सोमवार को हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक सोनूराम साहू, वार्ड 36के पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरें, दैनिक सुबह का प्रहरी ब्यूरो चीफ अंकालू साहू के संयुक्त आतिथ्य में आयोजित किया गया।

अतिथि द्वय द्वारा सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती जी के तैलचित्र पर चंदनभिषेक, माल्यार्पणकर मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान बच्चों ने अपने गुरुओं व आगंतुक अतिथियों की आरती कर तिलक लगाकर गुलदस्ता व श्रीफल व पेन भेंट कर गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक सोनूराम साहू ने अपने उद्बोधन में अनुभव साझा कर बच्चों को कलेक्टर बनने के लिए प्रेरित किया।पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरें ने कहा ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं जो आर्थिक रुप से पाठ्य सामग्री नहीं ले पातें हैं उन्हें सहयोग करने का भरोसा दिलाया। अपने अतिथि उद्गार में पत्रकार अंकालू साहू ने शिक्षकों व स्कूल में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को गुरु पूर्णिमा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते श्लोक का वाचन

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥ कर छात्रों को कृतसंकल्पित होकर भीड़ से हटकर कुछ बनने के लिए एकाग्रता के साथ लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन लोमन साहू व आभार व्यक्त शिक्षक ठाकुर सर ने किया। उक्त जानकारी सोनी गुरु जी ने दी।

# 'उल्लास' नवभारत साक्षरता कार्यक्रम समीक्षा बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आज जिला पंचायत सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। स्वयंसेवी शिक्षकों का पंजीयन असाक्षरों का पंजीयन सर्वे एवं पोर्टल में एंट्री के कार्य को गति प्रदान करने हेतु कहा गया। उल्लास कार्यक्रम के वातावरण निर्माण हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन शिक्षार्थी एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन एवं डाटा एंट्री की समीक्षा की गई। करने कहा गया है। सितंबर 2024 व मार्च 2025 में आयोजित होने वाले मूल्यांकन आकलन परीक्षा की तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में अंत में उल्लास शपथ दिलाई गई।

## सर्वे एवं एन्ट्री हेतु समय सीमा

असाक्षरों/स्वयं सेवी शिक्षकों के चिन्हांकन एक सप्ताह में करने हेतु निर्देशित किया गया एवं आगामी सप्ताह पुनः समीक्षा की जाएगी। इस माह के अंत तक सर्वे एवं डाटा एंट्री का कार्य पूर्ण

**प्रधान पाठक पंचायत सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से करेंगे असाक्षरों व स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन संकुलवार दिए गए लक्ष्य**

करने हेतु कहा गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से कहा गया कि किया असाक्षरों/स्वयं सेवी शिक्षकों के चिन्हांकन में ग्राम पंचायत सचिव प्रधान पाठक के साथ समन्वय कर सहयोग से कार्य संपादित करेंगे इसी क्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका असाक्षरों/स्वयं सेवी शिक्षकों के चिन्हांकन में सहयोग प्रदान करेंगे।

## 10 लोगों को साक्षर करने पर विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक

09 वीं से 12 वीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को स्वयं सेवीशिक्षक के रूप में पंजीयन करने हेतु प्रोत्साहित करने सभी शालाओं में संपर्क करने कहा गया एवं 10 असाक्षरों को साक्षर करने पर बोर्ड की परीक्षाओं में 10 अंक बोनस दिया जाएगा इसका प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक छात्राओं को स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में पंजीयन करने प्रोत्साहित करने कहा गया। इस कार्य में संबंधित प्रचार्य ग्राम प्रभारी को सहयोग प्रदान करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश एवं संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य के अनुसार 2030 तक सभी युवा प्रौढ पुरुष एवं महिलाओं को शत प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान करना है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अनुशंसा एवं भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सभी के लिए शिक्षा हेतु प्रारंभ की गई है इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत प्रतिशत साक्षर किए जाने का लक्ष्य है।

आज की बैठक में श्रीमती रश्मि सिंह जिला परियोजना अधिकारी, गुरप्रीत कौर कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, आदर्श वासनिक ए.पी.सी. समग्र शिक्षा समग्र शिक्षा, प्रणिता शर्मा ए.पी.सी. समग्र शिक्षा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सभी स्रोत समन्वयक, साक्षरता कार्यक्रम प्रभारी, सभी बी.पी.एम.आजीविका मिशन, संकुल समन्वयक, विकासखंड राजनांदगांव के स्कूलों के प्रधान पाठक उपस्थित रहे, एवं सभी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े।

# हाईकोर्ट ने वार्ड परिसीमन पर लगाई रोक

राजनांदगांव (दावा)। बिलासपुर हाईकोर्ट ने वार्ड परिसीमन पर रोक लगाई है। कोर्ट के इस फैसले से राज्य सरकार को तगड़ा झटका लगा है। राजनादगांव नगर निगम, कुम्हारी नगर पालिका व बेमेतरा नगर पंचायत में वार्डों के परिसीमन को लेकर चुनौती दी गई थी। राज्य सरकार ने प्रदेशभर के निकायों के वार्ड परिसीमन के लिए वर्ष 2011 की जनगणना को आधार माना है। वर्ष 2014 व 2019 में भी राज्य सरकार ने वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन किया था। कोर्ट ने पूछा कि जब आधार एक ही है तो इस बार परिसीमन का कार्य क्यों किया जा रहा।

आगामी दिनों होने वाले नगरी निकाय चुनाव को देखते हुए राज्य शासन द्वारा वार्डों के परिसीमन किए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। वार्ड परिसीमन की पहली सूची का जारी भी हो गई है। केवल दावा-आपत्ति मांगे जाने के पश्चात इसका निराकरण किया जाना था। तत्पश्चात वार्ड परिसीमन के अंतिम सूची का प्रकाशन होना था। उसके पहले ही राजनांदगांव नगरी निकाय चुनाव के लिए किए गए वार्ड परिसीमन पर कांग्रेस द्वारा स्टे लगा दी गई है। गुरूवार को 3 बजे दोपहर हाईकोर्ट की लगी स्टे के बाद शहर के 51 वार्डों की परिसीमन की प्रक्रिया रूक जाएगी। जब तक हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो जाती वार्ड परिसीमन के अंतिम सूची का प्रकाशन नहीं किया जा सकेगा। बता दे कि शहर के 51 वार्डों में मात्र 23 वार्डों की सीमाए बदली है। लेकिन बाकी वार्ड यथावत है। शेष वार्ड सन 2014 की औसत जनसंख्या के अनुरुप 3198 रखी गई है। इस परिसीमन में मात्र कैलाशनगर वार्ड को दो हिस्सों में विभाजित किया गया है। कैलाश नगर वार्ड क्रं. 30 को विभाजित कर वार्ड क्रं 29 बनाया गया है।

### शासन को भेजे गए दावा-आपत्ति

बता दे कि वार्डों के परिसीमन का प्रथम प्रकाशन होने के बाद 25 जुलाई तक दावा आपत्ति की मांग की गई थी। एसडीएम अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि 75 की संख्या में प्राप्त दावा आपत्ति को बनाकर राज्य शासन को भेजा जा चुका है। अब शासन पर निर्भर करता है कि प्राप्त दावा आपत्ति की निराकरण किस ढंग से करे। इसके बाद प्रकाशित होने वाले अंतिम सूची का प्रकाशन होगा या नहीं यह अलग बात है।

### किस तरह का स्थगन

एसडीएम अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि अभी उन्हें हाईकोर्ट के स्टे की कापी मिली नहीं है और यह किस तरह का स्टे है, यह भी नहीं मालूम। उन्होंने बताया कि स्टे कई तरह के होते है। परिसीमन प्रक्रिया से संबंधित स्टे या फिर प्रकाशन से संबंधित स्टे या फिर अन्य कार्यो से संबंधित स्टे लगा हो तो पूरी जानकारी परिसीमन पर स्थगन आदेश की कापी आने पर ही पता चल पाएगा। फिलहाल शासन को 75 की संख्या में प्राप्त दावा आपत्ति को भेजा जा चुका है।

### प्रक्रिया को लेकर स्थगन

बता दे कि शहर के 51 वार्डों के परिसीमन कार्य चलते ही शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने निर्वाचन आयोग में आपत्ति दर्ज करा दी थी। मामला हाईकोर्ट में गया है।

कांग्रेस का आरोप है कि वार्डों के परिसीमन में मनमानी की गई है। वरिष्ठ पार्षद व कांग्रेस के शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा का कहना है कि धारा 10, 4 के तहत निकाय चुनाव के छह महिने पहले ही परिसीमन प्रक्रिया पूरा किया जाना होता है। लेकिन ऐसा नही किया गया। अब जब नगरीय निकाय चुनाव मात्र 5 महिना शेष है तब तक न तो परिसीमन की प्रक्रिया पूरी की गई थी और न दावा आपत्ति की प्रक्रिया पूरी हो पाई है। इधर वार्डो में आरक्षण को लेकर भी श्री छाबड़ा आपत्ति दर्ज की है। जब वार्डों का परिसीमन हुआ है तो वार्डों की जनसंख्या व मतदाता भी प्रभावित हुई है। इसका असर एसटी, एससी के आरक्षण पर भी पड़ा है। इसलिए यह प्रक्रिया आंधी-अधूरी जान पड़ती है। अतः इस पर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगा दिया गया है। स्थगन की कापी आज शुक्रवार को प्राप्त हो जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज में फायनल इयर की छात्रा डॉ. केशर ने गर्ल्स हास्टल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

राजनांदगांव (दावा)। पेण्ड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हास्टल में रहने वाली फायनल इयर की छात्रा ने फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार और गुरुवार के दरम्यानी रात के बाद लगभग 5 बजे की बताई जाती है। सुबह जब हास्टल के अन्य छात्राओं को पता चला तब मामले को लेकर हास्पीटल में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते मेडिकल कैम्पस में लोगों की भीड़ लग गई। केशर को फांसी से उतारकर उसके शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

आत्महत्या करने वाली फायनल इयर की छात्रा का नाम केशर गोदारा बताया जाता है। उसने अपने कमरे में लगे पंखे में चुनरी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बीकानेर राजस्थान की रहने वाली छात्रा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के हास्टल में रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर रही थी। बताया जाता है कि उस पर पढ़ाई का ज्यादा दबाव था। 24 वर्षीय मेडिकल की छात्रा केशर की घटना के संबंध में जानकारी राजस्थान स्थित उनके माता-पिता तक पहुंचा दी गई है। उनके आने तक छात्रा के शव को सुरक्षित रखवा दिया गया है।

लालबाग थाना प्रभारी नवरत्न कश्यप ने बताया कि गुरुवार को मेडिकल कॉलेज की छात्राओं का फर्स्ट टर्मिनल एक्जाम था। केशर गोदारा के साथी छात्रा एक्जाम की तैयारी में जुटी हुई थी। एक छात्रा ने बुधवार की रात उसे फोन भी किया था। लेकिन रिप्लाई नहीं आने पर सो गई होगी, समझकर आगे और भी डिस्टर्ब नहीं किया। जब सभी छात्रा फर्स्ट टर्मिनल एक्जाम के लिए गए तो केसर गोदारा के नहीं दिखने पर हास्टल अधीक्षक को इसकी जानकारी दी गई। लोग केसर गोदारा के कमरे को जाकर देखा तो दरवाजा बंद पाया। काफी मशक्कत के बाद दरवाजा खोला गया और देखा तो लोगों के होश उड़ गए। केशर पंखे से लटककर झेल रही थी उसका शरीर ठंडा पड़ गया था।

> मुझे घटना के संबंध में दोपहर के समय वार्डन ने बताया। राजस्थान उसके माता-पिता के पास जानकारी भेज दी गई है।
>
> **- रेणुका गहने (डीन), मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पेण्ड्री**

## जिला पंचायत परिसर में हुआ पौधरोपण

**राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज जिला पंचायत परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ ही पौधों की देखरेख भी जरूरी है। उन्होंने पौधों को समय-समय पर पानी देने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।**

# कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर सचिवों को किया गया निलंबित

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों की जांच पश्चात जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मेढ़ा के पूर्व सचिव एवं वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत कोल्हियापुरी (नवागांव) प्रकाश रामटेके तथा पूर्व सचिव एवं वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत अउरदा मनहरण राउत्रे को पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने एवं उच्च कार्यालयों के निर्देशों का पालन नहीं किये जाने के कारण निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि में प्रकाश रामटेके का मुख्यालय जनपद पंचायत डोंगरगढ़ एवं मनहरण राउत्रे का मुख्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव निर्धारित किया गया है। निलंबित सचिवों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव सुश्री सुरूचि सिंह ने मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहला से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार सचिव संलग्न जनपद पंचायत मोहला जितेन्द्र कुमार ध्रुव एवं सचिव ग्राम पंचायत डूमरटोला तिलक राम हेड़ामे को अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने एवं उच्च कार्यालयों के निर्देशों का पालन नहीं किये जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में में सचिवों का मुख्यालय जनपद पंचायत मोहला निर्धारित किया गया है। इसी तरह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार सचिव ग्राम पंचायत आटरा हेमुलाल कोमरे को पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने एवं उच्च कार्यालयों के निर्देशों का पालन नहीं किये जाने के कारण निलंबित किया कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी निर्धारित किया गया है। निलंबित सचिवों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

**राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजयुमो राजनांदगांव के द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता खूगचंद पारख व मोनू बहादुर की अगुवायी में कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक अवसर की पूर्व संध्या मशाल यात्रा निकाली गई।**

# विधायक कुंवर सिंह निषाद ने किसना में किया डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण, लोगों को गुरुपूर्णिमा की बधाई दी

राजनांदगांव (दावा)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुंडरदेही विधायक कुवंर सिंह निषाद ने बीते दिनों बालोद जिले के विकासखण्ड डोंडी लोहारा के ग्राम किसना के मिडिल स्कूल परिसर में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच उन्होंने कहा कि महामानव, भारतीय संविधान के शिल्पकर डॉ अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की रचना कर सम्प्रभुता, सामाजिक न्याय विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। सरपंच ग्राम पंचायत किसना सरपंच श्रीमती सुनीता खापर्डे के मांगपत्र पर विधायक निषाद ने मिडिल स्कूल परिसर में मंच के शेड निर्माण एवं प्रतिमा के अहाता (स्टील रेलिंग) निर्माण की स्वीकृति प्रदान की।

विधायक श्री निषाद ने आगे कहा कि डॉ अम्बेडकर ने शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो का नारा दिया था। उनके द्वारा बताए गए मार्ग और सिद्धान्त आज भी प्रासंगिक है। विधायक ने कहा कि मेरा बचपन डॉ अम्बेडकर एवं बौद्ध धर्म के अनुयायियों के बीच बिता है।

नागपुर की दीक्षा भूमि का मेने भ्रमण किया हूँ। बाबा साहब की आदम कद प्रतिमा ग्राम किसना निवासी प्राथमिक स्कूल के प्रथम बैच के पूर्व छात्र रहे एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के सेवानिवृत्त परियोजना प्रशासक द्वारिका प्रसाद लोन्हारे द्वारा प्रदान की गई है। गुरु पूर्णिमा के दिन संयोग से श्री लोन्हारे का जन्मदिवस भी था इस मौके पर स्कूली बच्चों को न्यौता भोज भी कराया गया। प्रतिमा अनावरण समारोह में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के सेवानिवृत्त प्रचार्य डॉ के एल टांडेकर, सेवानिवृत्त डीइओ अर्जुन मेश्राम ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहब ने भारत को एक मजबूत सँविधान देकर लोगो के अधिकारो की रक्षा की। उनके द्वारा निर्मित सँविधान भारत की एकता और अखंडता की भावना को मजबूत करता है। स्कूली बच्चों ने आकर्षक संस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सिविल सर्जन डॉ सतीश मेश्राम, बी पी वासनिक, ग्राम पटेल जगदीश गंजीर, ग्रामवासी डी पी लोन्हारे, जे पी मेश्राम प्राथमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष योगेश रजक मीडिल स्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष टहलराम साहू तुलाराम बनपेला सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# प्रसिद्ध शिक्षाविद् अभिषेक खंडेलवाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशालाएं आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। अंबुजा विद्यापीठ रावन, बलोदा बाजार और अजीज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ने हाल ही में प्रतिष्ठित शिक्षाविद् अभिषेक खंडेलवाल द्वारा आयोजित कार्यशालाओं की मेजबानी की, जिसमें शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की परिवर्तनकारी क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया।

कोटा और इंदौर जैसे प्रमुख शैक्षिक केंद्रों में पढ़ाये हुए शिक्षक एवं व्यापक अनुभव वाले शिक्षा विशेषज्ञ श्री खंडेलवाल ने शिक्षण पद्धतियों और छात्र अधिगम के परिणामों को बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग करने पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने तेजी से विकसित हो रहे शैक्षिक परिदृश्य में आगे रहने के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। अंबुजा विद्यापीठ रावण में एआई कार्यशाला के अलावा, श्री खंडेलवाल ने अजीज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर एक कार्यशाला भी आयोजित की, जिसमें शिक्षकों के लिए इसके निहितार्थ और कार्यान्वयन रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपने शानदार करियर के दौरान, अभिषेक खंडेलवाल ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और राजस्थान में 2000 से अधिक शिक्षकों को सशक्त बनाया है, उन्हें अपने पेशे में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अत्याधुनिक ज्ञान और कौशल से लैस किया है।

उनकी कार्यशालाओं को उनकी आकर्षक सामग्री, इंटरैक्टिव दृष्टिकोण और कार्रवाई योग्य निष्कर्षों के लिए व्यापक रूप से सराहा गया है, जो शिक्षण समुदाय पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ते हैं। आर.के.सी. ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल शिक्षा के उत्कृष्ट उद्देश्यों के प्रति सदैव समर्पित रहते हैं। डॉ.जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रबंध समिति की अध्यक्षा डॉ.श्रीमती सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर आई के वैष्णव ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# शिविर के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने पहुंच रहा जिला प्रशासन - मधुसूदन यादव

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत भर्रेगांव में बड़ी संख्या में पहुचे ग्रामवासी

राजनांदगांव (दावा)। जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर का आयोजना आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत भर्रेगांव में आयोजित किया गया। शिविर स्थल पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, रमेश पटेल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण किया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया। शिविर में मछली पालन विभाग के हितग्राहियों को आईस बाक्स, मछली जाल, कृषि विभाग के हितग्राहियों को पावर स्प्रेयर, उद्यानिकी विभाग के हितग्राहियों को बीज वितरण किया गया। इसी तरह खाद्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई किया गया। वन विभाग द्वारा शिविर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधों का वितरण किया गया।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप जिला प्रशासन जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रही है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में जिला स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहते हैं, जो अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही समस्याओं का समाधान भी करते हैं। उन्होंने भू-जल के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी को पानी की समस्या से जुझना पड़ सकता है। इस समस्या से निजात के लिए जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए आमजन भी आगे आकर जल संरक्षण के कार्य में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने किसानों को धान के बदले अन्य कम पानी की आवश्यकता वाले फसल लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासकीय एवं सामुदायिक भवनों में वाटर रिचार्जिंग तकनीक का उपयोग से जल संरक्षण किया जा सकता है। श्री यादव ने कहा कि घुमंतू पशुओं के कारण फसलों को नुकसान एवं सड़क दुर्घटना से पशुहानि के साथ ही जनहानि भी होती है, जिससे बचने के लिए पशु पालकों को अपने पशुओं को घर पर ही रखना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण में शामिल होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराने का आग्रह किया।

अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनसमस्या शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों एवं जनसामान्य की समस्याओं के

**० जनसामान्य स्टॉल का अवलोकन कर शासन की योजनाओं का लाभ लें- कलेक्टर, कलेक्टर ग्रामवासियों से हुए रूबरू**
**० हितग्राहियों को पावर स्प्रेयर, आईस बाक्स, मछली जाल, राशन कार्ड का किया गया वितरण**

निराकरण के लिए आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन यहां किया गया है। शिविर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित हैं। शासन की विभिन्न प्रकार की जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी इस शिविर के माध्यम से दी जा रही है। शिविर में स्टॉल लगाकर लोगों की शंकाओं का समाधान भी किया जा रहा है। जो निराकरण शिविर में हो सकते हैं उसे शिविर में ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से किसानों को खाद-बीज का वितरण किया गया है। अभी 31 जुलाई 2024 तक खरीफ फसलों का बीमा कराया जा रहा है। उन्होंने सभी किसानों से आग्रह किया कि वे फसल बीमा जरूर कराएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से ग्रामीण स्तर को ईकाई बनाकरके उसका निर्धारण किया जाता है और तत्काल फसल बीमा की राशि का भुगतान भी किया जा रहा है। ऋणी एवं अऋणी किसानों को फसल बीमा का लाभ अवश्य उठाने कहा।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में जिला स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित हैं। सभी विभाग शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ स्टॉल लगाए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से सभी स्टॉल का अवलोकन करने कहा और पात्र होने पर योजनाओं का लाभ लेने कहा। उन्होंने शिशुवती माताओं और गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। इसके साथ ही स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि कमजोर शरीर में जल्दी से बीमारियां आती है जिसके बचाव के लिए स्वच्छता और अच्छा भोजन करना जरूरी है। उन्होंने ऊर्जा, प्रोटीन, विटामिन युक्त भोजन लेने कहा। उन्होंने भोजन में दाल, रोटी, हरी सब्जी शामिल करने कहा जो घर पर ही उपलब्ध हो जाती हैं। कलेक्टर ने पानी संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि दुनिया में पीने योग्य पानी 1 प्रतिशत है, जो नदी, तालाब, नहर, वर्षा जल से मिलता है उसे संरक्षित करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ी है। इसे रोकने के लिए मवेशियों को खुले में नहीं छोडने के लिए ग्रामीण स्तर पर कार्य करने कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में सिकल सेल, टीबी, शुगर, खून जांच ब्लड प्रेशर जांच किया गया तथा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में ब्लड प्रेशर, स्त्री रोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और आयुर्वेद दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस बनाया गया। इसी तरह आधार नवीनीकरण एवं पंजीयन कराया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, समाज कल्याण विभाग, क्रेडा, विद्युत, पशु चिकित्सा, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस, श्रम विभाग, लीड बैंक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, रेशम पालन विभाग, हाथकरघा विभाग, शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, आबकारी विभाग और खनिज विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर जनसामान्य को शासकीय योजनाओं की जानकारी और लाभान्वित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती रामेश्वरी निर्मलकर, सरपंच भर्रेगांव श्रीमती सुलेखा चंद्राकर, सरपंच पारीखुर्द बुद्धेश्वर साहू, सरपंच बैगाटोला योगेश निर्मलकर, सरपंच श्रीमती रितू साहू, सरपंच आरला खेमदास साहू, उप सरपंच रोहित चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com